CNews सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-100

पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया


**आज का विचार**

कोई खबर ना ले, तो बुरा मत मानना..
इस दुनिया में खबर लेने वाले कम,
खबर फैलाने वाले ज्यादा है।
जीवन बहुत सुंदर है, आनंद ओर मौज में रहे।


# सिटी चीफ

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

इंदौर, सोमवार 15 जुलाई 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार




## सिंगल कॉलम

### योगी ने कबूला- अति आत्मविश्वास की वजह से चुनाव में मिला झटका



**लखनऊ।** भाजपा की एक दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति बैठक रविवार को लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय के अंबेडकर सभागार में हुई। बैठक में पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल हुए। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ सहित पार्टी के शीर्ष नेता इस बैठक में आए। इस मौके पर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में विपक्ष पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि विरोधी साजिश करने में सफल रहे। इन्हें हमने 2019 में नाकाम किया था। हमें सोशल मीडिया पर नजर रखनी होगी। हम अपनी उपलब्धियों को मुद्दा नहीं बना पाए। साथ ही बैठक में कार्यकर्ताओं से कहा कि आपको किसी भी स्थिति में बैकफुट में आने की जरूरत नहीं है। क्योंकि आप लोगों ने ये साबित किया है। वोटों की शिफ्टिंग और अति आत्मविश्वास की वजह से कहीं न कहीं चोट जरूर पहुंची है लेकिन आप लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014, 2017, 2019 और 2022 में सफलता हासिल करके दिखाया है।

### आतंकी खतरों को देखते हुए राम मंदिर की सुरक्षा को परखेगी एनएसजी की टीम



**अयोध्या।** अयोध्या में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) का हब बनाने की तैयारी है। यहां एनएसजी की टुकड़ी स्थायी रूप से तैनात की जाएगी। इसी क्रम में 17 जुलाई को एनएसजी की एक टुकड़ी अयोध्या पहुंच रही है। वह चार दिनों तक अयोध्या में रहकर राम जन्मभूमि व आस-पास की सुरक्षा परखेगी। यह टीम अयोध्या में 20 जुलाई तक रहेगी। अयोध्या में राममंदिर का निर्माण होने के बाद से आतंकी खतरे की आशंका बढ़ी है। इस प्रकार के खतरों से निपटने की योजना पर केंद्र सरकार काम कर रही है। दरअसल, 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से श्रद्धालुओं की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। हर रोज एक लाख से अधिक श्रद्धालु यहां दर्शन कर रहे हैं। ऐसे में यहां की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाए जाने पर जोर दिया जा रहा है। केंद्र सरकार की ओर से अयोध्या में एनएसजी का हब बनाने की योजना तैयार की गई है। सूत्रों के अनुसार, एनएसजी हब में ब्लैक कैट कमांडो की तैनाती की जाएगी।अभी रामनगरी में रामनवमी, सावन, कार्तिक परिक्रमा मेले में एटीएस की तैनाती की जाती है। राममंदिर की सुरक्षा की जिम्मेदारी अब एसएसएफ संभाल रही है। इसके अलावा सीआरपीएफ व पीएसी को भी लगाया गया है। एसएसएफ के जवानों को एनएसजी की ओर से ही ट्रेनिंग दी गई है। स्पेशल फोर्स के 200 कमांडो अयोध्या में अभी सुरक्षा दे रहे हैं।

### 46 साल बाद खोला गया पुरी के जगन्नाथ मंदिर का खजाना

**पुरी।** भगवान जगन्नाथ मंदिर के दुर्लभ खजाने को रविवार खोल दिया गया। इस खजाने को इससे पहले साल 2018 में खोलने की कोशिश की गई थी, लेकिन फिर कोशिश बंद कर दी गई। पिछली बार साल 1985 में इस तहखाने को खोला गया था। इस दौरान राजाओं के मुकुट से लेकर खजानों से भरी तिजोरियां देखने को मिली थीं। दरअसल, रत्न भंडार में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के कीमती आभूषण और खाने-पीने के बर्तन रखे हुए हैं। खजाने में वो चीजें हैं, जो उस दौर के राजाओं और भक्तों ने मंदिर में चढ़ाए थे। 12वीं सदी के बने मंदिर में तब से ये चीजें रखी हुई हैं। इस भंडारघर के दो हिस्से हैं, एक बाहरी और एक भीतरी भंडार। खजाने के बाहरी हिस्से को समय-समय पर खोला जाता है। त्योहार या अन्य किसी भी मौके पर खोलकर गहने निकालकर भगवान को सजाया जाता है। रथ यात्रा के समय यह होता ही है। रत्न भंडार का अंदरूनी चैंबर पिछले 46 साल से बंद था। आखिरी बार इसे साल 1978 में खोला गया था। वहीं साल 1985 में भी इन चैंबर को खोला गया, लेकिन इसका मकसद क्या था और भीतर क्या-क्या है, इस बारे में कहीं कुछ नहीं बताया गया। साल 2018 में ओडिशा के पूर्व कानून मंत्री प्रताप जेना ने एक सवाल के जवाब में कहा था कि आखिरी बार यानी 1978 में इसे खोलने के समय रत्न भंडार में करीब साढ़े 12 हजार भरी (एक भरी 11.66 ग्राम के बराबर होता है) सोने के गहने थे, जिनमें कीमती पत्थर जड़े हुए थे। साथ ही 22 हजार भरी से कुछ ज्यादा के चांदी के बर्तन थे। साथ ही बहुत से और गहने थे, जिनका तब वजन नहीं किया गया था। साल 2018 में ओडिशा हाईकोर्ट ने सरकार को निरीक्षण के लिए मंदिर का ये कक्ष खोलने का निर्देश दिया था। हालांकि चैंबर की चाबियां नहीं मिल सकी थीं, जिससे पूरे राज्य में नाराजगी देखने को मिली थी।

# उत्तर प्रदेश में बाढ़ का कहर

## 17 जिलों के 20 लाख लोग प्रभावित, 97 गांवों का संपर्क टूटा, गोरखपुर में सड़क पर चल रही नाव



उत्तर प्रदेश के 17 जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो चुकी है। करीब 97 गांवों का संपर्क टूट चुका है और 20 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। नेपाल सीमा से सटे क्षेत्रों को बाढ़ प्रभावित घोषित किया गया है। गोरखपुर में राप्ती नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। यहां सड़कों पर नावें चल रही हैं और मकानों की एक मंजिल पानी में डूब चुकी है। हारदोई में भी भारी बारिश के कारण लोगों के घरों में पानी घुटनों तक भर गया है। आज 11 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी और 26 जिलों में बिजली गिरने की संभावना है। पिछले 24 घंटों में केवल 7 मिमी बारिश हुई है।1 जून से राज्य में सामान्य से 14% अधिक बारिश हुई है। 44 दिनों में 240 मिमी बारिश दर्ज की गई है जबकि औसत 209 मिमी होता है।

### जून से 14% अधिक बारिश

रविवार को यूपी के 50 जिलों में केवल 7 मिमी बारिश हुई।अगले 2 दिनों में प्रतापगढ़ को छोड़कर सभी 74 जिलों में बारिश या बादल छाए रहने का कोई अलर्ट नहीं है। 18 जुलाई को 35 जिलों में बारिश की चेतावनी है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, जुलाई के अंतिम सप्ताह में अच्छी बारिश होगी, लेकिन अगस्त में मानसून का ब्रेक हो सकता है। नेपाल सीमा से सटे क्षेत्रों में बाढ़ का कहर जारी है। हिमालय की पहाड़ियों पर लगातार बारिश हो रही है, जिससे यूपी की नदियां उफान पर हैं। रायबरेली में गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है और खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। अयोध्या में हल्के बादल देखे गए हैं और लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हैं। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 2 दिनों में जिले में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।गोरखपुर में राप्ती नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और यह खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। अब तक 25 से अधिक गांव जलमग्न हो चुके हैं। बहरामपुर क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित है। बहरामपुर इलाके के ज्यादातर घरों में पानी भर गया है। लोग प्लास्टिक शीट बांधकर छतों पर रह रहे हैं।

## 'एक्स' पर मोदी का दबदबा, पार किया 100 मिलियन फॉलोवर्स का आंकड़ा




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नई उपलब्धि हासिल की। पीएम मोदी 100 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स के साथ सबसे अधिक फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेता बन गए हैं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन (38.1 मिलियन), दुबई के शाह शेख मोहम्मद (11.2 मिलियन) और पोप फ्रांसिस (18.5 मिलियन) जैसे अन्य विश्व नेताओं को काफी पीछे छोड़ दिया है। पिछले तीन साल में पीएम मोदी के एक्स अकाउंट पर तेजी से फॉलोवर्स बढ़े हैं। सिर्फ तीन साल में ही 30 मिलियन यूजर्स प्रधानमंत्री मोदी के अकाउंट से जुड़े हैं। देश ही नहीं, बल्कि दुनियाभर के नेताओं से एक्स पर फॉलोवर्स के मामले में पीएम मोदी कहीं आगे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को 38.1 मिलियन यूजर्स फॉलो करते हैं।

### देश के विपक्षी नेताओं की यह स्थिति

भारत की बात करें तो नेता विपक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की तुलना में भी पीएम मोदी के फॉलोवर्स बहुत ज्यादा हैं। एक्स पर राहुल गांधी के फॉलोवर्स की संख्या 26.4 मिलियन है, जबकि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 27.5 मिलियन, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को 19.9 मिलियन यूजर्स ह्यएक्सह्न पर फॉलो करते हैं। इसके अलावा, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव, शरद पवार जैसे नेताओं के फॉलोवर्स की संख्या दस मिलियन से भी कम है। ममता बनर्जी को जहां 7.4 मिलियन यूजर्स एक्स पर फॉलो करते हैं तो तेजस्वी को 5.2 मिलियन और शरद पवार को 2.9 मिलियन यूजर्स फॉलो करते हैं।

### सेलिब्रिटीज से भी ज्यादा फॉलो किए जाते हैं मोदी

पीएम मोदी की लोकप्रियता में पिछले कुछ सालों में लगातार इजाफा हुआ है। यहां तक कि एक्स पर वे कई सेलिब्रिटीज से भी ज्यादा फॉलो किए जाते हैं। क्रिकेटर विराट कोहली, ब्राजीलियन फुटबॉलर नेमार, टेलर स्विफ्ट, लेडी गागा जैसे सेलिब्रिटीज के भी एक्स पर फॉलोवर्स पीएम मोदी से काफी कम हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने साल 2009 में ट्विटर ज्वाइन किया था और तभी से वे लगातार ट्वीट व रि-ट्वीट्स आदि करते आ रहे हैं। सिर्फ एक्स ही नहीं पीएम मोदी अन्य सोशल प्लेटफॉर्म्स पर भी काफी एक्टिव रहते हैं। फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम जैसे पॉपुलर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए प्रधानमंत्री लोगों से जुड़े रहते हैं।

## अंबानी की शादी में बम फटते ही आधी दुनिया उलट-पुलट

### सोशल मीडिया पर धमकी भरा पोस्ट देखते ही हड़कंप, मुंबई पुलिस अलर्ट

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी इन दिनों चर्चा में है। 12 जुलाई को कपल की शादी में देश-दुनिया की तमाम बड़ी हस्तियां शामिल हुईं। इस बीच एक ऐसा सोशल मीडिया पोस्ट सामने आया, जिससे हड़कंप मच गया। मुंबई पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है। **सोशल मीडिया पर यूजर ने लिखी बड़ी बात :**दरअसल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर @FFS-FIR नाम के यूजर ने लिखा कि, मेरे मन में एक बेशर्मी विचार आया है कि अगर अंबानी की शादी में बम फट जाए तो आधी दुनिया उलट-पुलट हो जाएगी। एक पिन कोड में खरबों डॉलर खत्म। पोस्ट पर लोग तरह-तरह की प्रतिक्रिया देने लगे। बात मुंबई पुलिस तक पहुंच गई है और इस यूजर की तलाश शुरू कर दी गई है। हालांकि, पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुंबई पुलिस ने अब तक इस मामले में कोई FIR दर्ज नहीं की है, लेकिन वह उस यूजर की तलाश कर रही हैं, जिसने इस पोस्ट को 13 जुलाई की रात को किया है और पुलिस पोस्ट के पीछे की वजह जानने की भी कोशिश कर रही है। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमें इस पोस्ट के बारे में मालूम है, कि ये वह अफवाह है। लेकिन पुलिस ने एक्स पोस्ट को लेकर अलर्ट किए जाने के बाद, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में शादी के वेन्यू के आसपास सिक्योरिटी बढ़ा दी है। वहीं सूत्रों ने बताया है कि पुलिस ने शुक्रवार को किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए वेडिंग वेन्यू और उसके आसपास के क्षेत्र में सिक्योरिटी को बहुत ज्यादा टाइट कर दिया गया था। साथ ही रविवार को संपन्न हुए रिसेप्शन में भी सुरक्षा व्यवस्था को कड़ी रखी गई थी।

## बारात वाले दिन पुलिस कस्टडी में युवक की मौत

**गुना।** घर में शादी की रस्में चल रही थीं। युवक के हाथ में मेहंदी लग चुकी थी। दूल्हे ने शेरवानी पहनकर एक सेल्फी भी ली। कुछ देर बाद पुलिस आई और बारात वाले दिन ही युवक (दूल्हे) और उसके चाचा को डकैती के केस में पूछताछ के लिए पकड़कर थाने ले आई। रविवार रात युवक की मौत की खबर सुनकर पारदी समाज के लोग जिला अस्पताल में जमा हो गए। पुलिस कस्टडी में पारदी युवक की मौत का आरोप लगाते हुए समाज के लोगों ने जमकर हंगामा किया। अस्पताल में युवक की होने वाली दुल्हन ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह की कोशिश की। चाची ने पेट्रोल डालकर आग लगा ली। बचाने में SDOP झुलस गए। मामला गुना के बीलाखेड़ी का है।

## ना बादल बरसे, ना बिजली कड़की और शिप्रा नदी में आ गई बाढ़

### छोटी रपट डूबी, चार कारें बहने से बचीं

**उज्जैन।** रविवार दोपहर शिप्रा नदी में बाढ़ आ गई। स्थिति यह रही कि घाट पर पूजा करवा रहे पंडितों को जहां भागना पड़ा, वहीं छोटी रपट अचानक से ही डूब गई। स्थितियां कुछ ऐसी बनी कि घाट पर पार्क की गई चार कार भी बहने लगीं। शिप्रा नदी में बाढ़ आने की यह खबर सबसे पहले तो उज्जैन के लोगों के लिए ही चौंकाने वाली है, क्योंकि आज दिन भर में ना तो बादल बरसे ना बिजली कड़की फिर भी शिप्रा नदी उफान पर आ गई। बताया जाता है कि दोपहर को



अचानक शिप्रा नदी का जलस्तर बढ़ने लगा। घाट पर रहने वाले होमगार्ड के जवान हो या पंडित-पुजारी, सभी प्रतिदिन के दिनचर्या के हिसाब से ही काम कर रहे थे। लेकिन, जब शिप्रा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा तो कोई भी कुछ समझ नहीं पाया धीरे-धीरे स्थिति कुछ ऐसी बनी की जहां घाट पर पूजा करवा रहे पंडितों को यहां से हटना पड़ा। वहीं छोटी पुलिया भी डूब गई। होमगार्ड के जवान भी यह समझ नहीं पाए कि आखिर शिप्रा नदी में बाढ़ आई है तो फिर घाट पर रहने वाले लोगों को सायरन बजाकर सचेत क्यों नहीं किया गया। कुल मिलाकर अचानक से आई बाढ़ के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वह तो गनीमत रही कि होमगार्ड और एसडीआरएफ की टीम ने तुरंत मोर्चा संभाला और लोगों को घाट पर जाने से रोका वरना कोई दुर्घटना भी घटित हो सकती थी।

## आज से सेंसर युक्तमशीनों से होगी वाहनों की फिटनेस जांच

**इंदौर।** मध्यप्रदेश में यात्री और व्यावसायिक वाहनों की फिटनेस के नाम पर खानापूर्ति करने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश में ऑटोमेटिक टेस्टिंग सेंटर के माध्यम से वाहनों की फिटनेस अब मशीनों के जरिये होगी। सोमवार 15 जुलाई से परिवहन विभाग इंदौर, भोपाल, ग्वालियर सहित कुछ शहरों में ऑटोमेटिक टेस्टिंग सेंटर के माध्यम से वाहनों की फिटनेस हो सकेगी। परिवहन विभाग ने इसको लेकर तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। दरअसल अभी तक वाहन की फोटो खींचकर फिटनेस के नाम पर खानापूर्ति की शिकायतें ज्यादा सामने आती हैं और इसके मापदंडों का भी पूरी तरह पालन नहीं होता है। अब वाहनों की फिटनेस की जांच सेंसर युक्त मशीनों से होगी। माना जा रहा है कि अब वही वाहन फिटनेस टेस्ट में पास होंगे, जो पूरी तरह से फिट हैं। सोमवार से एटीएस पर ही वाहनों की फिटनेस जांच होगी।

गौरतलब है कि अभी तक आरटीओ में फिटनेस सेंटर में फिटनेस होती है और वाहन की किसी तरह की जांच नहीं की जाती, बस फोटो खींचकर फिटनेस सर्टिफिकेट प्रदान कर दिया जाता है। इसमें भी एजेंट सक्रिय रहते हैं जो शुल्क



के अलावा अतिरिक्त राशि लेकर कार्य कराते हैं। अब ऑटोमेटिक मशीनों से फिटनेस की जांच होगी और वाहन की हकीकत में कमी भी दूर हो सकेगी।

बता दें कि केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने स्वचलित फिटनेस सेंटर खोलने लिए सितंबर 2021 में अधिसूचना जारी की थी। इसी अधिसूचना के तहत मध्यप्रदेश में पहले चरण 11 स्वचलित फिटनेस केंद्र खोले जाएंगे। वर्तमान में परिवहन कार्यालय में संचालित फिटनेस सेंटर के कैमरे के सामने वाहन को खड़ा किया जाता है और फोटो खींचने के बाद सर्टिफिकेट जारी हो जाता है, लेकिन वाहन की जांच की व्यवस्था नहीं है।

### वन नेशन वन रेट को देशभर के बड़े ज्वैलर्स का समर्थन

## अब पूरे देश में एक समान होंगे सोने के दाम

**नई दिल्ली।** अभी पूरे देश में सोने की अलग-अलग कीमतें होती हैं। इनमें राज्यों के टैक्स के अलावा और कई चीजें जुड़ी होती हैं, जिसके चलते हर एक स्टेट और शहर में गोल्ड के दाम डिफरेंट होते हैं। हालांकि, जल्द पूरे देश में वन नेश वन रेट पॉलिसी लागू होने वाली है, जिसके बाद सभी जगह सोने के भाव समान होंगे। देशभर के बड़े ज्वैलर्स ने सोने के लिए वन नेशन वन रेट (ओएनओआर) नीति अपनाने के लिए राजी हो गए हैं। इस पहल का उद्देश्य पूरे भारत में सोने की कीमतों को एक समान करना है। जेम एंड ज्वैलरी काउंसिल (जीजेसी) का इसे समर्थन है। सूत्रों के मुताबिक सितंबर की बैठक में इसकी आधिकारिक घोषणा होने की उम्मीद है। जीजेसी ने देशभर के प्रमुख ज्वैलर्स से राय ली है। एक सोने के दाम को लागू करने पर सभी की सहमति है। इस नीति को लागू करने में आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए इंडस्ट्री सक्रिय रूप से विचार-विमर्श कर रही है। यह भारत सरकार की ओर से प्रस्तावित एक योजना है। इसका लक्ष्य पूरे देश में सोने की कीमतों



को एक समान करना है। इसका मतलब है कि चाहे आप देश में कहीं भी सोना खरीदें, उसकी कीमत एक ही होगी। इस योजना के तहत सरकार एक राष्ट्रीय बुलियन एक्सचेंज स्थापित करेगी। यह एक्सचेंज सोने की कीमतें तय करेगा और ज्वैलर्स को इसी कीमत पर सोना बेचना होगा।

**घट सकते हैं सोने के दाम:** वन नेशन वन गोल्ड रेट पॉलिसी के कई फायदे होंगे। इससे बाजार में पारदर्शिता बढ़ेगी। सभी ग्राहकों के साथ समान व्यवहार होगा। इससे सोने का बाजार अधिक कुशल बनेगा। कीमतों में अंतर समाप्त होने से सोने की कीमतों में कमी आ सकती है। एक समान कीमत से मनमानी कीमत वसूलने की गुंजाइश नहीं रहेगी। यह नीति देशभर के सभी ज्वैलर्स को एक समान प्रतिस्पर्धा का माहौल प्रदान करेगी।

**बड़ा है यह कदम:** सूत्रों ने बताया है कि जीजेसी ने देशभर के प्रमुख ज्वैलर्स से इस बारे में रायशुमारी की है। वन नेशन वन गोल्ड रेट को लागू करने पर सभी की सहमति है। सितंबर की बैठक में इसे लेकर कोई आधिकारिक घोषणा हो सकती है। ओएनओआर पॉलिसी भारत में अधिक पारदर्शी और न्यायायसंगत सोने के बाजार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**अभी सोने की कीमतों को लगे हैं पंख:** अभी राजधानी दिल्ली के सराफा बाजार में सोने की कीमतें 75,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से ऊपर हैं। चांदी के दाम भी 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम को पार गए हैं। पिछले कुछ समय में दोनों कीमती धातुओं के दामों में जबदस्त तेजी देखने को मिली है। भू-राजनीतिक अस्थिरता ने भी सोने-चांदी की कीमतों को हवा दी है। लोग सोने को सबसे सुरक्षित निवेश विकल्प के तौर पर देखते हैं।

## सिंगल कॉलम

### एयरपोर्ट पर जमकर हंगामा, फ्लाइट लेट होने से भड़के यात्री

**इंदौर।** इंदौर के देवी अहिल्या एयरपोर्ट पर शनिवार देर रात जमकर हंगामा हुआ। इंडिगो की फ्लाइट लेट होने की वजह से यात्री नाराज हो गए। इंडिगो की फ्लाइट 6ई 552 शनिवार रात 8.50 बजे इंदौर से मुंबई जाने वाली थी लेकिन रात 12.10 बजे तक नहीं गई। इंडिगो स्टाफ ने भी यात्रियों को इसकी जानकारी पहले से नहीं दी। इस वजह से यात्री नाराज हो गए। जब यात्रियों ने पूछना शुरू किया तो फ्लाइट लेट होने के अलग-अलग कारण बताए गए। बाद में देर रात फ्लाइट को भेजा गया और यात्री 2.16 बजे मुंबई पहुंचे। एयरपोर्ट पर जब यात्री परेशान होने लगे और उन्होंने फ्लाइट लेट होने का कारण पूछा तो स्टाफ सही कारण नहीं बता पाया। इस वजह से यात्रियों का गुस्सा बढ़ने लगा और वे स्टाफ पर भड़क उठे। बाद में यात्रियों को समझा बुझाकर शांत किया गया।

### होटल संचालक की पत्नी से लूट हैंडबैग ले भागे बदमाश

**इंदौर।** इंदौर के तिलक नगर में इलाके में शनिवार देर शाम एक होटल संचालक की पत्नी के साथ लूट की वारदात हो गई। वह अपने पति को होटल पर रुपए देने जा रही थी। दो बदमाश बाइक से पीछे से आए और महिला को घूरते हुए आगे निकल गए। फिर पलट कर वापस आए और हाथ में से बैग छीन कर फरार हो गए। महिला के साथ उसकी रिश्तेदार युवती भी थी। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। तिलक नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक विधि गौर, निवासी आरव टॉवर, नर्मदा आश्रम ने बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ लूट का प्रकरण दर्ज कराया है। विधि ने बताया कि उसके पति नरेन्द्र यूनिटी लैंडमार्क नाम से होटल चलाते हैं। शाम को उनका कॉल आया। होटल में रुपए की जरूरत पड़ने के चलते घर से नकदी लेकर आने के लिए कहा। विधि ने 44,500 रुपए औा मोबाइल हैंड बैग में रखा और ननद रश्मि को लेकर पैदल होटल की तरफ जाने लगी। दोनों स्कीम नंबर 140 में साहिल इलाईट बिल्डिंग के पास पहुंची, तो सामने से बाइक सवार दो युवक आए। वह क्रास करते हुए निकल गए। कुछ देर बाद वह वापस पलट कर आए और हाथ में टंगा बैग छीन कर फरार हो गए। दोनों ने शोर भी मचाया, लेकिन तब तक आरोपी भाग गए। पीड़िता ने बाद में पति को सूचना दी और थाने आकर केस दर्ज कराया।

### नाबालिग भतीजे ने चाची पर किया हमला, चेहरे, गर्दन, पेट पर चाकू मारे

**इंदौर।** एमआईजी में एक नाबालिग ने अपनी चाची पर प्राणघातक हमला कर दिया। नाबालिग ने पहले गले पर हमला किया फिर पीठ, चेहरे भी चाकू मारे। इससे वह बुरी तरह घायल हो गई। इसी चाकू से उसने खुद को भी घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को उसे हिरासत में ले लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। नाबालिग ने पुलिस को बताया कि उसके पिता और चाचा के बीच प्रॉपर्टी का विवाद है। वे दोनों मेरे माता-पिता की इज्जत नहीं करते हैं और अनाप-शनाप बोलते हैं। मुझे यह बात अच्छी नहीं लगती। नाबालिग डीपीएस स्कूल में 10वीं का छात्र है। यहां उसका आरटीई के तहत एडमिशन हुआ है। एमआईजी टीआई मनीष लोधा ने नाबालिग की चाची आरती की ओर से एफआईआर दर्ज की है। आरती ने बताया कि उसके पति बिल्डर हैं और वह खुद गृहिणी है। शनिवार को वह कपड़े धो रही थी। तभी पीछे से जेठ का बेटा आया और गेट बंद कर दिया। जान से मारने की नीयत से पहले गले पर चाकू मारा। बचने के लिये भागी तो पीठ और चेहरे पर भी चाकू मारे। आरती निढाल हो गई तो भी वह चाकू मारता रहा। इस दौरान उसके हाथ में भी चाकू लग गया। वह कह रहा था कि अलमारी खोलो और रुपए दे दो। टीआई को आरती ने बताया कि जेठ से मकान को लेकर उनका झगड़ा चल रहा है। आरती ने बताया कि मेरी चीखने की आवाज सुनकर बेटा कर्तव्य वहां पहुंचा था। अंदर से दरवाजा बंद था तो वह बाहर खड़ा होकर चिल्लाता रहा। मुझे अधमरा छोड़कर भतीजा घर से भागा तो जाते-जाते बेटे कर्तव्य को चाकू दिखाकर बोला कि किसे से कहा तो जान से मार दूंगा। उसके जाते ही कर्तव्य ने पिता को घटना की जानकारी दी। वे अपने दोस्तों के साथ पत्नी को लेकर डीएनएस अस्पताल पहुंचे। टीआई ने आरती के बयान के बाद मामले में नाबालिग भतीजे पर हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

### तीन दिन से लापता युवक का शव गड्डे में मिला

**पीथमपुर।** पीथमपुर के थाना सेक्टर 1 के अंतर्गत मरी माता टेकरी के पास एक गड्ढे में राजा नामक युवक की लाश मिली है। उप निरीक्षक ओम प्रकाश बड़ोनिया ने बताया कि मरी माता टेकरी पर लाश मिलने की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए इंदौर के एमवाय अस्पताल भिजवाया है। राजा नाम के युवक शव मिलने के बाद परिजन थाने पर पहुंच गए। मृतक राजा के परिजनों ने आरोप लगाया है कि उसकी हत्या की गई है। पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था और ससुराल वाले उससे 2 लाख रुपए मांग कर रहे थे। मृतक राजा ने कुछ दिन पहले एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था।

**गिनीज बुक में इंदौर: 24 घंटे में 11 लाख से ज्यादा पौधे लगाकर इंदौर ने बनाया विश्व रिकॉर्ड, असम का 9 लाख 26 हजार पौधे लगाने का रिकॉर्ड टूटा**

# हरियाली में सिरमौर इंदौर...

## पौधे लगाकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, सीएम डॉ. मोहन यादव ने भी निभाई भागीदारी

**सिटी चीफ इन्दौर**

इंदौर। स्वच्छता में सात बार से देश में सिरमौर बन रहे इंदौर ने आखिरकार एक दिन में सर्वाधिक पौधे रोपने का विश्व रिकॉर्ड भी बना लिया। इंदौर की रेवती रेंज टेकरी पर रविवार को यह रिकॉर्ड बना। इसमें सहभागी बनने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह खासतौर से इंदौर आए थे। उन्होंने अपनी मां कुसुमबेन की याद में पौधा रोपा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मेयर पुष्य मित्र भार्गव और नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को गिनीज बुक की ओर से विश्व रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। तीनों नेताओं ने शहरवासियों को इस रिकॉर्ड के लिए बधाई दी है। रेवती पर्वत पर पौधारोपण के विश्व रिकॉर्ड को जांचने के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम आई थी। 300 से ज्यादा लोगों की टीम ने पौधों की गिनती की। टीम का नेतृत्व कर रहे निश्चय ने बताया कि इंदौर में 11 लाख से ज्यादा पौधे लगाए गए हैं। वास्तविक आंकड़ा ऑडिट के बाद बताया जाएगा।

51 लाख पौधे लगाए जाने के आयोजन में शामिल होने के लिए शहरभर के 85 वार्डों से लोगों की टोलियां सुबह से रेवती रेंज पहुंचने लगी थीं और इसके लिए करीब 900 से ज्यादा बसें नेताओं के माध्यम से विभिन्न चौराहों और प्रमुख क्षेत्रों में तैनात की गई थीं। कई वार्डों में ढोलक के साथ लोग उत्साह से बसों से रवाना हुए। कई एमआईसी मेंबरों, पार्षदों और वार्ड प्रमुखों को शनिवार को ही इसकी सूचना देकर तैयारियों में जुटने के लिए कहा गया था, ताकि बसों के स्थान तय किए जा सकें।

**शंखनाद से हुई शुरुआत**

रविवार सुबह छह बजे से बीएसएफ की



रेवती फायरिंग रेंज में स्थित टेकरी पर 11 लाख पौधे लगाने का अभियान शुरू हुआ था। सूर्योदय के बाद शंखनाद के साथ इंदौरवासी टेकरी पर पौधे लगाने के लिए उमड़ पड़े। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद अफसरों के साथ पौधे लगाए। इसके बाद विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों ने पौधे रोपे।

**बारिश और कीचड़ से भी कम नहीं हुआ उत्साह**

शनिवार रात को हुई बारिश के कारण आयोजन स्थल पर कीचड़ भी हो गया था, लेकिन लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। सुबह साढ़े दस बजे तक टेकरी पर चार लाख से ज्यादा पौधे लगाए जा चुके थे।

**शाम चार बजे ही तोड़ दिया रिकॉर्ड, मना जश्न**

शाम चार बजे इंदौरवासियों ने असम में पिछले साल लगाए गए 9.26 लाख पौधों के विश्व रिकॉर्ड को पछाड़ दिया। साढ़े पांच बजे तक इंदौर में 11 लाख से ज्यादा पौधे लगा दिए गए थे। यह सिलसिला शाम छह बजे तक चला। इसके साथ ही जश्न का दौर शुरू हो गया। मंत्री विजयवर्गीय और मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने नाचकर खुशी जताई।

**शनिवार रात में हुई बारिश फिर भी जारी रहा खड्डे खोदने का काम**

रेवती रेंज पर शनिवार शाम छह बजे से खड्डे खोदने के काम शुरू हो गया था। लेकिन इसी बीच, रात आठ बजे से तेज बारिश का दौर शुरू हो गया। इससे थोड़ी देर के लिए काम प्रभावित हुआ, लेकिन बारिश रुकते ही बीएसएफ के जवानों ने कमान संभाल ली और गड्ढे खोदे गए। कलेक्टर आशीष सिंह और निगमायुक्त शिवम वर्मा ने गेती चलाकर खड्डे खोदे। यह काम रविवार सुबह छह बजे तक चलता रहा।

**असम ने पिछले साल बनाया था रिकॉर्ड**

गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के मुताबिक, असम के उदलगुड़ी जिले में गत वर्ष 13 और 14 सितंबर के बीच 24 घंटे में 9 लाख 26 हजार पौधे लगाए गए थे। इस रिकॉर्ड को इंदौर में 14 जुलाई 2024 को 11 लाख से ज्यादा पौधे रोप कर तोड़ दिया गया।

**अमित शाह बोले- अब इंदौर हरियाली के नाम से भी जाना जाएगा**

इस मौके पर बीएसएफ की रेवती रेंज में आयोजित समारोह में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि इंदौर सफाई, स्वाद, सभागिता के लिए जाना जाता है। अब इंदौर हरियाली के नाम से भी जाना जाएगा। इंदौर स्मार्ट, मेट्रो सिटी बन चुका है। अब ग्रीन सिटी के नाम से जाना जाएगा। शाह ने कहा कि यह अभियान सरकारी समारोह नही है। समाज इस अभियान से जुड़े हैं। प्रधानमंत्री मोदी के एक पेड़ मां के नाम के नारे को देशवासियों से जन आंदोलन बना दिया। शाह ने कहा कि पर्यावरण की चिंता विश्व को है। ओजन लेयर में बड़े-बड़े छेद हो गए हैं।

**मध्यप्रदेश देश का फेफड़ा**

अमित शाह ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का फेफड़ा है। यह देश को ऑक्सीजन देता है। इस प्रदेश में 30 परसेंट वन क्षेत्र है। पूरे देश का 12 परसेंट ग्रीन कवरेज इस प्रदेश में है। शाह ने कहा कि मैं चुनाव के बाद पहली बार मध्यप्रदेश आया हूं। इस प्रदेश की जनता ने 29 सीटें मोदी जी की झोली में डाली। प्रदेश की मोहन सरकार अच्छे काम कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि के क्षेत्र में कई योजनाएं लागू की हैं।

**सीएम ने कहा- पेड़ लगाना सबसे बड़ा पुण्य**

इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर जो करता है अलग हटके करता है। इसलिए इंदौर की देश में अलग पहचान है। उन्होंने कहा कि मालवा के लिए कहावत थी कि मालव माटी गहन गंभीर, पग पग रोटी डग डग नीर, लेकिन काल के प्रवाह में मालवा से पेड़ कम होते गए, लेकिन अब इंदौर ने मालवा का पुराना स्वरूप लौटने की ठानी है। पेड़ लगाना सबसे बड़ा पुण्य का काम है।

**51 लाख इंदौर में पेड़ लगाए जाएंगे**

नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन का इंदौर ने अख्तियार किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को पूरा किया। अब इंदौर ग्रीन सिटी के रूप में उभरेगा। हम साल 51 लाख इंदौर में पेड़ लगाएंगे। इंदौर ग्रीन कवरेज में 17 वें नम्बर पर है। पांच साल में पहले नंबर पर होंगे।

**बाढ़ से निपटने की ट्रेनिंग लेंगे पंडित**

# ओंकारेश्वर में जुटेगी भीड़, मोरटक्का में रोके जाएंगे वाहन

**सिटी चीफ इन्दौर**

इंदौर। आगामी सावन माह में ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। इसके लिए प्रशासन बेहतर इंतजाम करने की तैयारी कर रहा है।

ओंकारेश्वर में वाहनों की अधिकता होने पर बड़वाह, सनावद एवं मोरटक्का में कुछ समय के लिए उन्हें रोका जाएगा। इसके साथ पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए होल्डिंग एरिया भी विकसित किए जाएंगे, ताकि भीड़ को कंट्रोल किया जा सके। इंदौर संभागायुक्त दीपक सिंह ने इस सप्ताह ओंकारेश्वर में अधिकारियों की बैठक ली और यह व्यवस्था बनाने के लिए निर्देश दिए।

**सीसीटीवी की नजर होगी हर जगह**

संभागायुक्त सिंह ने कहा कि सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। उन्होंने सावन महीने में एक कंट्रोल रूम स्थापित करने के भी निर्देश दिए। इस कंट्रोल रूम में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी साथ में मिलकर कार्य करेंगे। उन्होंने स्पेशल पुलिस ऑफिसर के साथ महिला पुलिस कर्मचारियों की नियुक्ति करने के भी निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने खंडवा एवं खरगोन के अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने के लिए कहा। सिंह ने कहा कि मंदिर परिसर में



वर्तमान व्यवस्था को और किस तरह बेहतर किया जा सके इसके बारे में आने वाले समय में यहां के जनप्रतिनिधियों, पंडितों, पुजारियों, दुकान संचालित करने वाले व्यवसायी एवं स्थानीय लोगों से भी चर्चा की जाएगी। नाविकों को विशेष रूप से आपदा मित्र के रूप में तैनात किया जाएगा।

उनका परिचय पत्र बनाकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। मंदिर परिसर में कार्य करने वाले कर्मचारी, पुजारी, पंडितों इत्यादि एवं उसके आसपास रहने वाले लोगों को एसडीआरएफ की टीम द्वारा बाढ़ आपदा से निपटने के संबंध में प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। सिंह ने अधिकारियों को मोरटक्का ब्रिज के सावधानी पूर्वक उपयोग करने के निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा का ऑडिट नेशनल हाईवे के इंजीनियर से कराने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि ओंकारेश्वर में पुलिस विभाग, होमगार्ड, एसडीआरएफ के बल के अलावा भी अतिरिक्त बल की तैनाती आईजी इंदौर द्वारा की जाएगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने कुछ स्पेशल पुलिस ऑफिसर एवं आपदा मित्रों को भी प्रशिक्षण देकर त्यौहार के दौरान तैनात करने के निर्देश दिए।

## एमपी ऑनलाइन शॉप पर दो लाख के नकली नोट देकर भागा युवक

**सिटी चीफ इन्दौर**

इंदौर। इंदौर के द्वारकापुरी में एमपी ऑनलाइन शॉप संचालक को ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर कराने आए बदमाश ने ठग लिया। आरोपी ने अपने ही अंकाउट में 2 लाख रुपए ट्रांसफर करा दिए और बदले में नकली नोटों की गड्?डी थमा दी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने उसके सीसीटीवी फुटेज जारी किये हैं। पहचान होने पर एमआईजी पुलिस ने उसे पकड़कर लिया और द्वारकापुरी पुलिस के सुपुर्द कर दिया। द्वारकापुरी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हरीश पुत्र देवनारायण पाटीदार निवासी कुंदन नगर ने बताया कि उसकी गुरुजी मल्टी सर्विसेज के नाम से बिल्सी कारखाना रोड पर दुकान है। शुक्रवार को शाम 6 बजे यहां पर केटीएम स्पोर्ट्स बाइक से दो लड़के दुकान पर आए।

एक ने अपना नाम आकाश ठाकुर और दूसरे ने ललित राजपूत बताया। आकाश ने हरीश से कहा कि वह कपड़ा कारोबारी है, उसे दूसरे शहर के व्यापारी के अकाउंट में रुपए ट्रांसफर करना है। उसने 3 लाख 20 हजार रुपए डालने की बात कही।

आकाश ने अपने व्हाट्सएप नंबर से हरीश के नंबर पर इंडसइंड बैंक अंकाउट नंबर डाला। टॉयलेट जाने का कहकर आकाश हरीश की बाइक ले गया। इस दौरान आकाश अपने साथ आए दोस्त ललित को दुकान पर ही छोड़ गया।

हरीश ने पुलिस को बताया कि उसने 25 हजार रुपए के 8 ट्रांजेक्शन किये। रसीद ललित को बताई। इसके बाद ललित ने रसीदें आकाश को व्हाट्सएप पर भेज दी। इसके बाद आकाश ने कहा कि 1 लाख 20 हजार रुपए और डाल दो। लेकिन हरीश ने कहा कि आकाश के आने पर ही डालेंगे।

इसके बाद आकाश के दोस्त ललित और दुकानदार हरीश ने उसे कई कॉल किए पर उसने नहीं उठाए। शंका होने पर उसे ढूंढ़ना शुरू किया। पर आकाश कहीं नहीं मिला। हरीश ने ललित से बैग खुलवाया तो उसके अंदर कागज और नकली नोट की गड्डियां निकली। ललित ने बताया कि वह आकाश से 10 दिन पहले ही मिला है। उसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। ललित ने कहा कि केटीएम बाइक भी मेरी है।

**फुटेज के बाद एमआईजी पुलिस ने पकड़ा**

द्वारकापुरी पुलिस ने मोबाइल नंबर के साथ आकाश की जानकारी निकाली। उसका पता मालवीय नगर का होना सामने आया। इस मामले में एमआईजी और विजयनगर पुलिस को जानकारी दी गई। एमआईजी पुलिस ने फुटेज से पहचान करते हुए आकाश को इलाके से पकड़कर द्वारकापुरी पुलिस के सुपुर्द कर दिया। उससे पूछताछ की जा रही है।

# अब मप्र के 55 जिलों में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस

**सिटी चीफ इन्दौर**

इंदौर। मध्यप्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिली है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को मध्यप्रदेश के 55 जिलों में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का वर्चुअल उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इंदौर एजुकेशन हब बनने की दिशा में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। बता दें कि इंदौर के अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला व वाणिज्य महाविद्यालय में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इसमें गृहमंत्री अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री मोहन यादव भी शामिल रहे। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के जरिये मध्यप्रदेश के 55 जिलों में शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को नई सौगात दी जा रही हैं। मैं मध्यप्रदेश के सभी विद्यार्थियों को बधाई देता हूं। हम मुंबई को देश की आर्थिक राजधानी कहते हैं, उसी तरह इंदौर मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी है। हर्ष की बात है कि इंदौर एजुकेशन हब बनने की दिशा में तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

**सबसे पहले मप्र में लागू हुई नई शिक्षा नीति**

शाह ने कहा कि देशभर में सबसे पहले मध्यप्रदेश में नई शिक्षा नीति लागू की गई है। इस महत्वपूर्ण कदम के लिए मैं मध्यप्रदेश सरकार को बधाई देना चाहता हूं। वहीं इस प्रदेश में इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई का पाठ्यक्रम मातृभाषा हिंदी में लागू किया गया। आज मेरे लिए हर्ष का विषय है कि पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई की नगरी इंदौर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एक दिन में 11 लाख से अधिक पौधारोपण कर विश्व रिकॉर्ड बनाया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी का सपना है कि आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर हमारा भारत हर क्षेत्र में अग्रणी रहें। विकसित भारत के निर्माण के लिए मोदी सरकार ने सबसे पहले नई



शिक्षा नीति लाने का काम किया है, जो छात्रों को हमारी प्राचीन संस्कृति से जोड़ने का काम करेगी।

**छात्र अब हमारी संस्कृति को भी जानेंगे**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज प्रदेश को सौगात मिल रही है। पूरे देश में नई शिक्षा नीति लागू करने वाला राज्य मप्र बना। परंपरागत कोर्स को दायरे तोड़कर नई शिक्षा की शुरुआत की। शिक्षा को लेकर विकल्प खुला है। पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस हर जिले में एक कॉलेज बना है। जो इसी सत्र से प्रारंभ हो रहा है। कॉलेजों के लिए आज ही 450 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण हो रहा है। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि छात्र अब हमारी संस्कृति को भी जानेंगे, सभ्यता को भी समझेंगे। आज इन कॉलेज के माध्यम से में बीकॉम लॉजिस्टिक, बीकॉम ईटेक ऑपरेशन, बीकॉम इन रिटेल ऑपरेशन, बीएससी इन हेल्थ केयर मैनेजमेंट, बीएससी मार्केटिंग इन सेल्स ऐसे नए कोर्स से हम और तरक्की कर सकता है।

**पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में यह होगा खास**

पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पुस्तकालय, लैब उपकरण से खेल सुविधाओं से लैस होंगे। मध्य प्रदेश के सभी जिलों के 55 पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के लिए 486 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। बता दें कि एक्सीलेंस कॉलेजों की खासियत यह है कि ये कॉलेज सभी संसाधनों से युक्त होंगे। इसके साथ ही नई शिक्षा नीति के अनुरूप इनमें सभी कोर्स उपलब्ध होंगे। 2232 नवीन पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए केंद्र सरकार ने 150 करोड़ रुपये वार्षिक आवर्ती की सौगात दी है। इन 55 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में 1845 शैक्षणिक, 387 तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पद सृजित किए गए हैं।

## करोड़ों रुपये की होनी थी डील, दिल्ली तक मची दहशत, पुलिस ने केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को भी दी सूचना

# केमिकल डिवाइस के साथ भोपाल के दो युवक उत्तराखंड में गिरफ्तार

**सिटी चीफ भोपाल।**
राजधानी भोपाल में रहने वाले दो युवकों को उत्तराखंड पुलिस ने देहरादून से केमिकल डिवाइस के साथ पकड़ा गया है। दोनों युवकों के साथ दिल्ली और उत्तर प्रदेश के भी तीन युवक पकड़े गए हैं। पांचों युवकों ने उत्तराखंड पुलिस पूछताछ कर रही है। पहले भोपाल के युवकों के पास से रेडियो एक्टिव पदार्थ मिलने की सूचना के बाद दिल्ली तक दहशत मच गई। इसके बाद आनन-फानन में रेडियो एक्टिव पदार्थों की जांच के लिए परमाणु ऊर्जा से जुड़े वैज्ञानिक बुलाए जा रहे थे, इसी बीच पता चला कि यह रेडियो एक्टिव नहीं, केमिकल डिवाइस है। पुलिस इसको लेकर केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को भी सूचना दे दी है।

देहरादून पुलिस के अनुसार भोपाल के युवक ने यह केमिकल डिवाइस कहां से प्राप्त की और किसी बेचने के लिए आए थे, इसकी पड़ताल की जा रही है। बताया जाता है कि करोड़ों की डील करने भोपाल के जैद अली निवासी जहांगीराबाद और अभिषेक जैन निवासी कोलार देहरादून पहुंचे थे। केमिकल डिवाइस में रोडियो एक्टिव सब्सटेंस तो नहीं, इसकी जांच के लिए उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से रोडिएशन इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम देहरादून बुलाई गई है।

**भाभा परमाणु अनुसंधान भेजी केमिकल डिवाइस**
बुलंदशहर से बुलाई गई टीम की जांच में कोई रोडियोएक्टिव पदार्थ नहीं मिला, उसे सिर्फ अभी केमिकल डिवाइस ही समझा जा रहा है। डिवाइस को आगे कीजांच के लिए मुंबई स्थित भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र भेजा गया है। भोपाल के दोनों युवक डिवाइस को बेचने ही देहरादून पहुंचे थे।

**पूर्व आयकर आयुक्त के फ्लैट में थे**
देहरादून पुलिस ने भोपाल निवासी जैद अली और अभिषेक जैन के साथ उप्र के आगरा निवासी सुमित पाठक, सहारनपुर निवासी तबरेज आलम और दिल्ली निवासी सरवर हुसैन को गिरफ्तार किया है। भोपाल के दोनों आरोपी देहरादून में पूर्व आयकर आयुक्त श्वेताभ सुमन के जाखन जाखन स्थित ब्रुक एंड वुड्स सोसाइटी स्थित फ्लैट में ठहरे हुए थे। यहीं से दोनों को पकड़ा गया है। पूर्व आयकर आयुक्त ने फ्लैट किराए पर दिया था।





**तीन दिन से थे पुलिस की निगरानी में**
देहरादून पुलिस को गुरूवार को ही देर शाम सूचना मिल गई थी कि बाहरी बदमाश रेडियो एक्टिव डिवाइस बेचने यहां आए हैं। इसके बाद से ही उत्तराखंड पुलिस की कई टीमें वॉच कर रही थीं। जैसे ही डिवाइस के खरीददार भी मिले, सभी को गिरफ्तार कर लिया। देहरादूर पुलिस के अनुसार जो डिवाइस बरामद हुई है, उस पर आइसोटोप प्रौद्योगिकी बोर्ड भारत सरकार, परमाणु ऊर्जा विभाग भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र नवी मुंबई लिखा हुआ है।

**कपड़े की दुकान चलाता है जैद**
जैद जहांगीराबाद में रहता है और भोपाल के न्यू मार्केट में रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान चलाता है। वह मंगलवार को भोपाल से कपड़े खरीदने का बोलकर भोपाल से दिल्ली के लिए निकला था। मंगलवार को ही उसका दोस्त अभिषेक जैन भी उसके साथ भोपाल से निकला था। जैन पहले ऑनलाइन जॉब भी करता था।

---

## एक साल पहले ही बन गया था स्टेशन रेल यातायात नहीं हो सका शुरू

# निशातपुरा रेलवे स्टेशन बनकर तैयार, उद्घाटन का इंतजार

**सिटी चीफ भोपाल।**
शहरवासियों को जल्द ही निशातपुरा के रूप में चौथे स्टेशन की सौगात मिल सकती है। एक साल पहले यह स्टेशन बन कर तैयार हो गया। लेकिन अब तक यहां से रेल यातायात शुरू नहीं हो सका है।

इस संबंध में रेलवे अधिकारियों का कहना है कि बजट के दौरान इस स्टेशन की सौगात मिल सकती है। इस संबंध में भोपाल मंडल की ओर से पश्चिम-मध्य रेलवे जोन के माध्यम से प्रस्ताव बोर्ड को भेजा है। भोपाल सांसद आलोक शर्मा का कहना है कि जल्द ही रेल अधिकारियों के साथ मीटिंग करेंगे। इसमें निशातपुरा स्टेशन से रेल यातायात शुरू करने की दिशा में बातचीत करेंगे।

निशातपुरा स्टेशन पर केटरिंग, रेलवे टिकट काउंटर का काम पूरा भोपाल मंडल ने निशातपुरा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं को लेकर इंतजाम पूरे कर लिए हैं। यहां पर खान पान की सुविधाएं देने वाले स्टाल के टेंडर जल्द ही जारी किए जाएंगे। भोपाल के चौथे बड़े स्टेशन के रूप में निशातपुरा पर रेल यातायात शुरू होने से नए व पुराने शहर के लगभग एक लाख से अधिक यात्रियों को लाभ मिल सकेगा। यात्रियों को ट्रेन पकड़ने के लिए बैरागढ़ नहीं जाना होगा। वहीं, भोपाल व रानी कमलापति स्टेशन पर रेल यातायात दबाव कम हो सकेगा। निशातपुरा स्टेशन पर केटरिंग, रेलवे टिकट काउंटर खुलने के साथ अन्य काम पूरे हो चुके है।



**इन ट्रेनों को मिलेगा ठहराव**
निशातपुरा स्टेशन पर केटरिंग, रेलवे टिकट काउंटर का काम पूरा भोपाल मंडल ने निशातपुरा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं को लेकर इंतजाम पूरे कर लिए हैं। यहां पर खान पान की सुविधाएं देने वाले स्टाल के टेंडर जल्द ही जारी किए जाएंगे। भोपाल के चौथे बड़े स्टेशन के रूप में निशातपुरा पर रेल यातायात शुरू होने से नए व पुराने शहर के लगभग एक लाख से अधिक यात्रियों को लाभ मिल सकेगा। यात्रियों को ट्रेन पकड़ने के लिए बैरागढ़ नहीं जाना होगा। वहीं, भोपाल व रानी कमलापति स्टेशन पर रेल यातायात दबाव कम हो सकेगा। निशातपुरा स्टेशन पर केटरिंग, रेलवे टिकट काउंटर खुलने के साथ अन्य काम पूरे हो चुके है।

---

## लोगों को नदियों और तटीय इलाकों के आसपास नहीं जाने की सख्त

# भोपाल समेत 20 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। प्रदेश में मॉनसून की धमाकेदार एंट्री होने के बाद से ही झमाझम बारिश का दौर भी जारी है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर आदि जिले मॉनूसनी बरसात में जमकर भीग रहे हैं। इसी के बीच मौसम विभाग की ओर से बारिश पर अलर्ट जारी किया गया है। एमपी की राजधानी भोपाल, इंदौर,बैतूल, खंडवा समेत 20 जिलों में बारिश पर अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग की बारिश पर चेतावनी के बाद मोहन यादव सरकार भी अलर्ट मोड पर आ गई है।

मुनादी कर लोगों को नदियों और तटीय इलाकों के आसपास नहीं जाने की सख्त हिदायत भी दी जा रही है। भोपाल, सागर, खजुराहो, इंदौर, खरगोन, जबलपुर, आदि में शनिवार को बारिश हुई। मॉनसूनी बरसात के बाद लोगों को उमस भरी गर्मी से काफी राहत भी मिली। मौसम विभाग की बात मानें तो राज्य के कुछ हिस्सों में मॉनसून अभी एक्टिव नहीं है, जिसकी वजह से बारिश में कुछ कमी दर्ज की गई है। लेकिन, आने वाले दिनों में मॉनसून सिस्टम के दोबारा ऐक्टिव होने के बाद कई जिलों में तेज बारिश की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।



**इन जिलों में जारी किया अलर्ट**
प्रदेश के जिन 20 जिलों में बारिश पर अलर्ट जारी किया गया है, उनमें नर्मदापुरम, बैतुल, सिवनी, मंडवा, छिंदवाड़ा, सागर, बालाघाट, रायसेन, इंदौर, हरदा आदि जिले शामिल हैं। इस बीच कई जिलों में 14 जुलाई को बारिश का दौर जारी रहा।

**बारिश के बाद नदियों का जलस्तर बढ़ा**
मध्य प्रदेश में मॉनूसनी बरसात का दौर जारी है। कई जिलों में बारिश के बाद नदियों और नालों का जलस्तर बढ़ गया है। नदियों के बढ़े हुए जलस्तर से लोगों को टेंशन भी होने लगी है। दूसरी ओर, प्रशासन भी अलर्ट मोड पर आ गया है।

---

# एक पेड़ मां के नाम लगाकर धरती मां को भी सवारें

**सिटी चीफ भोपाल।**
एमपी में पर्यावरण को बचाने और हरियाली बढ़ाने के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की गई है। पूरे प्रदेश में एक दिन में लाखों पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी कड़ी में रविवार को नगर निगम भोपाल के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने कहा है कि एक पेड़ मां के नाम लगाकर अपनी मां की याद को चिर स्थायी बनाये एवं धरती मां को भी सवारें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत कलियासोत ग्राउंड पर हमीदिया कॉलेज ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन द्वारा नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी के मुख्य आतिथ्य में वृहद रूम में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने शहरवासियों से अपने अपने क्षेत्र में अपनी मां की स्मृति में बड़ी संख्या में वृक्षारोपण करने का आान किया इस अवसर पर प्रदीप चौहान, अशोक चतुर्वदी, दीपक मिश्रा, क्षेत्रीय पार्षद देवांशु कंसाना जी ,पूर्व पार्षद कौशल्या रजक संतोष ब्रह्मभट राजेश पाठक विकास शर्मा, विनोद वाथम जी राजेंद्र राठौड़, मुकेश दहाड़े शक्कू महावर साधना मिश्रा साधना तिवारी ओपी पटेल, प्रमोद शर्मा, गिरधर राठी, प्रदीप सक्सेना, कमल यादव जी रामप्रताप राही वरूण नायडू सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी एंव भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अभियान को मां से जोड़ा गया है। साथ ही लक्ष्य रखा गया है कि हर व्यक्ति अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाए। भावनात्मक जुड़ाव के बाद हर व्यक्ति अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाएगा।

---

## गोली मार कर शिकार करने का आरोप, नदी के किनारे मिला कंकाल

# टाइगर स्टेट में एक और बाघ की मौत

**सिटी चीफ भोपाल।**
मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में आशापुरी बीट आरएफ कंपार्टमेंट 330 में एक बाध की मौत हो गई। बाघ संरक्षक और जानकार अजय दुबे ने अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि गोली मारकर बाघ का शिकार किया गया है। वहीं वन विभाग को तीन दिनों से शव पड़े होने की सूचना दी। इसके बाद भी इस ओर किसी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया। हालाकि वन विभाग के अधिकारियों ने भी कंकाल मिलने की पुष्टि की है।

भोपाल सीसीएफ ने बताया कि अभी तक यह नहीं पता चल पाया कि की कंकाल नर बाघ का है या मादा जांच के बात ही इसका पता चलेगा। अजय दुबे ने बताया कि इस क्षेत्र में और बाघ होने की जानकारी है कुछ शावकों के भी पद चिह्न मिले हैं। उन्होंने बताया कि शव पड़े होने की सूचना वन विभाग को दी थी। उन्होंने कहा कि बाघ का शिकार गोली मारकर किया गया है। साथ ही अजय दुबे ने अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

**6 महीने के भीतर मध्यप्रदेश में 23 बाघों की मौत**
गैरतलब है कि देश में मध्यप्रदेश बाघों की मौत पर भी नंबर वन बन गया है। बीते 6 महीने के भीतर मध्यप्रदेश में 23 बाघों की मौत हुई है। सबसे ज्यादा 12 बाघों की मौत बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हुई है। बांधवगढ़ में बढ़ते बाघ के मौत के मामले में शिकार की आशंका भी जताई गई है। यह खुलासा वन विभाग की कमेटी में हुआ है।

**इसलिए हो रही बाघों की मौत**
दरअसल शिकारी और अंतरराष्ट्रीय तस्कर की वजह से मध्य प्रदेश में बाघ मारे जा रहे हैं। बाघों के आधी मौत के लिए शिकारी और अंतरराष्ट्रीय तस्कर जिम्मेदार बताए जाते है। टेरिटोरियल फाइटिंग नहीं तस्करी मौत के लिए जिम्मेदार है। 10 सालों में बांधवगढ़ के भीतर 65 से अधिक बाघों की मौत हुई है। 2024 में अब तक देश में कुल 75 टाइगरों की मौत हुई है। 75 टाइगर में 23 बाघों की मौत मध्यप्रदेश में, महाराष्ट्र में 14 और कर्नाटक में 12 टाइगरों की मौत हुई है।

**सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में 21 दिन पहले मिला था बाघिन का संदिग्ध अवस्था में शव**
मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले के स्थित सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में 21 दिन पहले जंगल में छोड़ी गई 2 साल की बाघिन का संदिग्ध अवस्था में शव बरामद हुआ था। वन विभाग ने कहा था कि संघर्ष में बाघिन की जान गई है। वहीं बाघ संरक्षक और जानकार ने इसे लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि गोली मारकर शिकार किया गया है। बाघिन के शव में कीड़े मिले हैं। वन विभाग मौत के कारणों को छिपा रहा है। वहीं दूसरी ओर बालाघाट में स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स ने बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने करंट लगाकर बाघों का शिकार करने वाले शिकारियों को पकड़ा है।

इधर बालाघाट में बड़ी कार्रवाई
बाघिन की मौत के बाद स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स ने बालाघाट में बड़ी कार्रवाई की है। करंट लगाकर भागों का शिकार करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के बैग से छोटी-बड़ी 98 हड्डियां, दांत और नाखून जब्त किया गया है। शिकारियों ने अन्य अंगों को जमीन में गाड़ कर छुपा रखा था। मध्य प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय बाघों का शिकार करने वाला गिरोह सक्रिय है। उनके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी संपर्क हैं।

---

## डिफेंस एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उद्यम स्थापित कर सकती है रिलायंस

# अनिल अंबानी ने प्रदेश के लिए रखा 50 हजार करोड़ के निवेश का प्रस्ताव

**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। रिलायंस ग्रुप के अनिल अंबानी ने डिफेंस एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में 50 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव मध्य प्रदेश के लिए दिए हैं। दरअसल, मुंबई में आयोजित मध्य प्रदेश में निवेश की संभावनाएं कार्यक्रम के इंटरेक्टिव सेशन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न सेक्टर के उद्योगपतियों से संवाद करते हुए उन्हें 20 जुलाई को जबलपुर में होने जा रही रीजनल इन्वेस्टर समिट और जीआइएस-2025 में आमंत्रित किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योग, व्यापार, व्यवसाय की दृष्टि से मध्य प्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल माहौल बना है। एनर्जी, टूरिज्म, हेल्थ, माइनिंग जैसे सभी सेक्टर में समान रूप से निवेश की अपार संभावनाएं हैं। राज्य शासन ने बजट में भी उद्योग-व्यापार को प्रोत्साहन देने के लिए पर्याप्त प्रविधान किए है। प्रदेश के अलग-अलग अंचलों की परिस्थिति और विशेषता को फोकस करते हुए अलग-अलग क्षेत्रों में इंडस्ट्रियल समिट करने का निर्णय भी लिया गया है।

कार्यक्रम में लगभग 200 से अधिक उद्योगपतियों, ट्रेड एसोसिएशन एवं फिल्म इंडस्ट्री के विभिन्न प्रतिनिधि शामिल हुए। नीदरलैंड, मलेशिया, थाइलैंड आदि से विदेशी मेहमानों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम में फेडरेशन आफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गनाइजेशन, स्टार्टअप्स एवं इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लगभग 35 से अधिक उद्योगपतियों के साथ राउंड टेबल चर्चा की गई।



वेलस्पन समूह के बीके गोयनका ने प्लास्टिक, पाइप, इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित 8000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की घोषणा की, जो 3000 प्रत्यक्ष और 10,000 अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा करेंगे। कनाडा से आए इन्वेस्टर एकाग्रता समूह की लंबटन कंपनी ने 130 मिलियन डालर के निवेश के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किए।

ग्लोबल इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स-बुकफील्ड, सीडीपीक्यू, फायरफेक्स ने हवाई अड्डे, इंडस्ट्रियल पार्क्स, होटेल्स, नवकरणीय ऊर्जा तथा अन्य आधारभूत ढांचे में निवेश करने के प्रस्ताव दिए। गोदरेज ग्रुप की इंदौर में अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट विकसित करने की योजना प्रस्तावित है एवं इंदौर, उज्जैन और देवास के आसपास निवेश के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना है। सीटीआरएल-एस द्वारा भोपाल में 300 करोड़ का निवेश एवं योट्टा ग्रुप द्वारा 100 करोड़ का निवेश इंदौर में प्रस्तावित है। एलटीआइ माइंडट्री द्वारा नए डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना इंदौर में जा रही है।

उद्योगपति बोले, जो उद्यमी सफल होना चाहते हैं, उन्हें मप्र में निवेश करना चाहिए
कार्यक्रम में ग्रेसिम इंडस्ट्रीज के एमडी एचके अग्रवाल ने कहा कि जो उद्यमी सफल होना चाहते हैं, उन्हें मध्य प्रदेश में निवेश करना चाहिए। फियो (एफआइइओ) के द्वारा विदेशों में आयोजित किए जाने वाले रोड शो में मुख्यमंत्री से शामिल होने का अनुरोध किया गया। स्टार्टअप के साथ राउंड टेबल बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास में भागीदारी के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के व्यापार-व्यवसाय को बढ़ाने की सरकार की नीति और नीयत साफ है। विकास व्यापार के मार्ग की हर बाधा को हटाया जाएगा।

## साम्पदकीय

# हाईटेक सिक्योरिटी के बावजूद ट्रंप पर कैसे चली गोली?

कैसे दुनिया के सबसे शक्तिशाली मुल्क के पूर्व राष्ट्रपति की सुरक्षा में इतनी बड़ी चूक हुई? कैसे हमलावर ट्रंप की चुनावी रैली के इतने करीब हथियार लेकर पहुंच गया? कैसे ट्रंप के सुरक्षा घेरे में तैनात एजेंसी को इसकी भनक तक नहीं लगी? दरअसल, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपतियों की सुरक्षा का जिम्मा यूएस सीक्रेट सर्विस का होता है।

*अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ऊपर हुए जानलेवा हमले की तस्वीरें जिसने भी देखी, उसे यकीन नहीं हो रहा है। चुनावी रैली में ताबड़तोड़ गोलियां चलीं और एक गोली ट्रंप के कान को छूती हुई निकल गई। इस जानलेवा हमले में उनकी जान बाल-बाल बच गई, लेकिन पेंसिलवेनिया की रैली में हुई यह घटना तमाम सवाल भी खड़े कर गई है। सबसे बड़ा सवाल यह कि कैसे दुनिया के सबसे शक्तिशाली मुल्क के पूर्व राष्ट्रपति की सुरक्षा में इतनी बड़ी चूक हुई? कैसे हमलावर ट्रंप की चुनावी रैली के इतने करीब हथियार लेकर पहुंच गया? कैसे ट्रंप के सुरक्षा घेरे में तैनात एजेंसी को इसकी भनक तक नहीं लगी? दरअसल, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपतियों की सुरक्षा का जिम्मा यूएस सीक्रेट सर्विस का होता है। यूएस सीक्रेट सर्विस के एजेंट हर पल पूर्व राष्ट्रपतियों की सुरक्षा में तैनात होते हैं। पूर्व राष्ट्रपति जहां भी जाते हैं, सीक्रेट सर्विस के एजेंट उनके साथ-साथ रहते हैं। ऐसे में ट्रंप पर हमले के बाद सवाल उठ रहे है कि जब पूर्व राष्ट्रपति की सुरक्षा इतनी चाक चौबंद होती है तो कैसे उन पर गोली चली? क्या उन पर किसी साजिश के तहत हमला किया गया है?*

*महज 100 मीटर की दूरी से कैसे एक शूटर ने ट्रंप को निशाना बनाया? इस दौरान सीक्रेट सर्विस क्या कर रही थी? छत से यदि निशाना बनाया गया तो उसके एजेंट क्या कर रहे थे? रैली की आसपास की बिल्डिंग की छतों पर सीक्रेट सर्विस क्यों नहीं मुस्तैद थी? सवाल कई हैं और एफबीआई सहित कई अमेरिकी एजेंसियां इसकी पड़ताल में जुटी हैं। एफबीआई हमले और हमलावर से जुड़ी सभी जानकारियां जुटा रही है। हमलावर के कितने सहयोगी थे, इसकी भी जांच हो रही है। लेकिन बड़ी बात यह है कि अमेरिका ऐसा देश है, जहां पहले ही बड़ी राजनीतिक हत्याएं हो चुकी हैं। डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिका के पहले राष्ट्रपति या पूर्व राष्ट्रपति नहीं हैं, जिनकी इस तरह से हत्या की कोशिश की गई है। अमेरिका के राजनीतिक इतिहास में ऐसे कई नाम हैं, जिनकी या तो हत्या कर दी गई, या फिर मारने की कोशिश की गई है। अब्राहम लिंकन, जॉन एफ कैनेडी तक, जैसे राष्ट्रपतियों को हमले में अपनी जान गंवानी पड़ी। रोनाल्ड रीगन जैसे राष्ट्रपति की जान हमले में बाल-बाल बची। ऐसे ही खतरों को देखते हुए, पूर्व राष्ट्रपतियों की सुरक्षा 10 साल की गई थी। इससे पहले 1965 से 1996 तक अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपतियों को लाइफटाइम सुरक्षा मिलती थी, लेकिन साल 1994 में इसमें बदलाव किया गया था। पूर्व राष्ट्रपतियों की सुरक्षा को घटाकर लाइफटाइम के बदले 10 साल कर दिया गया था। इसी नियम के तहत सीक्रेट सर्विस ट्रंप की सुरक्षा में लगी हुई थी। इस सुरक्षा के बीच ही ट्रंप पर रैली में फायरिंग हुई। यह हमला हैरान करने वाला है, क्योंकि सुरक्षा में चूक के चलते ट्रंप की जान बाल-बाल बची है। इसी बीच डोनाल्ड ट्रंप ने अपने ऊपर हुए जानलेवा हमले के बाद बयान जारी किया है। उन्होंने बताया कि वे 5 नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए पेंसिल्वेनिया में रैली कर रहे थे। इसी दौरान उन पर गोली चली, जिसमें वे घायल हो गए हैं। अपने ट्रूथ सोशल अकाउंट पर पोस्ट के जरिये ट्रंप ने बताया कि उनके दाएं कान के ऊपरी हिस्से पर गोली लगी और वो घायल हैं। इसके साथ ही ट्रंप ने इस घटना पर तुरंत प्रतिक्रिया देने के लिए सीक्रेट सर्विस और दूसरी कानूनी एजेंसियों का शुक्रिया कहा है। उन्होंने कहा कि गोलियों की आवाज सुनकर वो तुरंत समझ गए कि कुछ गड़बड़ है। उन्होंने कहा, गोली मेरी त्वचा को छूकर निकल गई। बहुत सारा खून निकल गया। मुझे एहसास हुआ कि क्या कुछ हो रहा है। यह अविश्वसनीय है कि हमारे देश में इस तरह की हरकतें हो सकती हैं। इस हमले को लेकर सीक्रेट सर्विस ने भी बयान जारी किया है। उसकी तरफ से कहा गया है कि हमलावर ने रैली की जगह से बाहर एक ऊंची जगह से फायरिंग की थी। पेंसिलवानिया रैली में हुई गोलीबारी की घटना पर राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि ऐसी हिंसा के लिए अमेरिका में कोई जगह नहीं है। पत्रकारों ने बाइडेन से सवाल किया कि क्या यह हत्या की साजिश थी। इसके जवाब में उन्होंने बताया कि अभी इस बारे में पूरे सबूत नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पर्याप्त जानकारी नहीं है। अभी तक ऐसे कोई तथ्य नहीं मिले हैं। बताते चलें कि यूनाइटेड स्टेट सीक्रेट सर्विस की स्थापना अमेरिकी राष्ट्रपति की सुरक्षा करने के लिए की गई थी। व्हाइट हाउस, बड़े अधिकारियों, बड़े नेताओं के साथ पूर्व राष्ट्रपतियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी सीक्रेट सर्विस के पास होती है। इसके एजेंट खतरे से पहले ही उसका आकलन कर लेते हैं। किसी अनहोनी को होने से पहले ही रोकने के लिए जाने जाते हैं।*

# विश्व की कौशल राजधानी बन सकता है भारत

युवाओं को नई प्रगति और नई दिशा दिखाने के लिए हर साल 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व युवा कौशल दिवस हर साल एक नई ऊर्जा के साथ युवाओं को स्किल डेवलपमेंट की ओर प्रेरित करने के लिए मनाया जाता है। कौशल विकास के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता क्योंकि यह न केवल लोगों को बेहतर करियर की संभावनाएं खोजने में मदद करता है बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी आगे बढ़ाता है।



कहते हैं पूरा विश्व युवाओं के कंधों पर ही टिका होता है। ऐसे में युवाओं के कंधे जितने मजबूत होंगे दुनिया उतनी ही खूबसूरत होती जाएगी। युवाओं को नई प्रगति और नई दिशा दिखाने के लिए हर साल 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व युवा कौशल दिवस हर साल एक नई ऊर्जा के साथ युवाओं को स्किल डेवलपमेंट की ओर प्रेरित करने के लिए मनाया जाता है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद 1945 में दुनियाभर में शांति बनाए रखने, आपात स्थितियों में मदद करने, मानवाधिकारों की रक्षा करने के लिए और यह सुनिश्चित करने के लिए संयुक्तराष्ट्र का गठन हुआ था। दिसंबर 2014 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस घोषित करने का प्रस्ताव अपनाया। साल 2014 में, संयुक्त राष्ट्र ने युवा लोगों को उनके भविष्य के लिए आवश्यक कौशल पर ध्यान केंद्रित करने के लिए विश्व युवा कौशल दिवस की शुरुआत की।

आज के तेजी से बदलते माहौल में युवाओं को एक आशाजनक भविष्य को सुरक्षित करने के मामले में कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है। युवाओं को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिसमें अल्परोजगार, बेरोजगारी और संभावनाओं की कमी शामिल है। लेकिन, इन बाधाओं को पार करने का एक तरीका है- कौशल विकास।

नई प्रतिभाओं को प्राप्त करने या मौजूदा प्रतिभाओं को बढ़ाने की प्रक्रिया को कौशल विकास कहा जाता है। इसमें नौकरी पर प्रशिक्षण, प्रशिक्षुता, औपचारिक स्कूली शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण सभी शामिल हैं। कौशल विकास के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता क्योंकि यह न केवल लोगों को बेहतर करियर की संभावनाएं खोजने में मदद करता है बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी आगे बढ़ाता है।

युवा लोगों के लिए, कौशल विकास के कई फायदे हैं। सबसे पहले, यह लोगों को अधिक रोजगार योग्य बनाता है। नियोक्ता चाहते हैं कि कर्मचारियों के पास नवीनतम कौशल हो क्योंकि तकनीक विकसित होती है और नौकरी की आवश्यकताएं बदलती हैं। आधुनिक कौशल वाले लोगों की बहुत मांग है और उन्हें बेहतर नौकरी मिलने और अधिक पैसा कमाने की अधिक संभावना है।

दूसरा, कौशल विकास व्यक्ति की स्वतंत्रता में सहायक होता है। यह लोगों को अपनी खुद की फर्म शुरू करने या उद्यमी बनने का अवसर देता है, जिससे अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि लोगों के पास स्वरोजगार और उद्यमिता में सफल होने के लिए आवश्यक योग्यताएं हैं, इन प्रवृत्तियों की बढ़ती लोकप्रियता के मद्देनजर कौशल विकास महत्वपूर्ण है।

तीसरा, कौशल सुधार से व्यवसाय बदलना आसान हो सकता है। आज के प्रतिस्पर्धी नौकरी बाजार में लोगों को अपने जीवन में कई बार अपना व्यवसाय बदलने की संभावना है। व्यक्ति कौशल विकास का उपयोग करके अपनी नौकरी की राह बदल सकते हैं ताकि उन्हें नई जानकारी और क्षमताएं सीखने में मदद मिल सके।

कौशल विकास के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के साथ-साथ शैक्षणिक संस्थानों से भी महत्वपूर्ण योगदान की आवश्यकता होती है। सरकार प्रशिक्षण पहलों को वित्तपोषित कर सकती है और कौशल विकास में निवेश करने वाले व्यवसायों को पुरस्कार दे सकती है। निजी क्षेत्र की कंपनियां लोगों को नए कौशल सीखने में सहायता करने के लिए प्रशिक्षुता और प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार कर सकती हैं। श्रम बाजार के लिए उपयुक्त पाठ्यक्रमों के प्रावधान के साथ, शैक्षणिक संस्थान भी कौशल विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

दरअसल कौशल विकास युवा लोगों के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। यह उद्यमशीलता में वृद्धि, रोजगार की अधिक संभावनाओं और आर्थिक प्रगति की कुंजी है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि लोगों के पास गतिशील नौकरी बाजार में सफल होने के लिए आवश्यक क्षमताएं और जानकारी है, सरकारों, निजी व्यवसायों और शैक्षणिक संस्थानों को एक साथ काम करना चाहिए। हम कौशल विकास में निवेश करके अपने युवाओं और अपने देश को बेहतर भविष्य दे सकते हैं।

किसी भी देश के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में कौशल का महत्वपूर्ण योगदान माना जाता है। कौशल एक ऐसा साधन है, जिसके द्वारा युवाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही उद्योगों की मांग के अनुसार कुशल कार्यबल तैयार करके स्किल गैप को आसानी से भरा जा सकता है। कौशल सिर्फ एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि उसके साथ-साथ समाज और राष्ट्र को भी आगे बढ़ाता है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय राज्य सरकारों, प्रशिक्षण भागीदारों और अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ मिलकर देश के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। आज इसी का परिणाम है कि विभिन्न कौशल संस्थानों में प्रशिक्षण ले रहे युवाओं ने अपनी क्षमता एवं कुशलता का परिचय देते हुए नवाचार के क्षेत्र में अनेक नए प्रयोग किए हैं, जो भविष्य में अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायी साबित होंगे। हमारे देश के युवाओं में वह सामर्थ्य एवं हुनर है, जिसके बल पर भारत को विश्व की कौशल राजधानी बनाया जा सकता है।

वर्ष 2030 तक भारत के पास दुनिया का सबसे बड़ा कार्यबल होने की उम्मीद है। इसमें सबसे ज्यादा संख्या युवाओं की होगी। इस युवा कार्यबल को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें भविष्य के लिए तैयार किया जा सकता है, ताकि रोजगार के नए अवसरों में तेजी से वृद्धि की जा सके। कौशल के द्वारा ही हम 21वीं सदी के नए भारत की नींव रख सकते हैं। कौशल हमें रोजगार के अनेक अवसर प्रदान करता है। साथ ही स्व-रोजगार के लिए भी प्रेरित करता है। इसमें वह शक्ति है, जिसके द्वारा हम भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं। कौशल के द्वारा युवा अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को प्रासंगिक रहने के लिए स्किल, अपस्किल और रीस्किल का मंत्र दिया था। इस मंत्र का उपयोग कर युवा दूसरों से हटकर अपनी एक अलग पहचान बना सकते हैं।

युवाओं को नई-नई तकनीकों में कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने और जिला स्तर पर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ह्यप्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) 3.0 को कुछ अहम दिशानिर्देशों के साथ लांच किया गया। इस योजना का लक्ष्य वित्तवर्ष 2020-21 के दौरान आठ लाख उम्मीदवारों को प्रशिक्षित करना था। यह मांग और उद्योगों पर आधारित एक ऐसी योजना थी, जिसने आधुनिक कौशल पर काम किया और जिला स्तर पर युवाओं को सशक्त बनाया। इसके अंतर्गत जिला स्तर पर उद्योगों एवं अन्य क्षेत्रों की मांग के आधार पर जॉब की पहचान की गई। साथ ही जिला स्तर पर जिला कौशल समिति (डीएससी) का गठन किया गया। इन समितियों ने उद्योगों की मांग के अनुसार स्थानीय स्तर पर स्किल्स की पहचान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विभिन्न स्थानों पर कौशल मेलों का भी आयोजन किया गया जिसमें युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के बारे में अवगत कराया गया। सभी उम्मीदवारों को प्लेसमेंट, स्वरोजगार और शिक्षुता के समान अवसर प्रदान करने में भी अपनी भागीदारी निभाई। इस योजना के अंतर्गत संकल्प प्रोजेक्ट के द्वारा स्थानीय स्तर पर श्रमिकों को प्रमाणित किया गया और बड़े स्तर पर उन्हें स्थायी आजीविका के अवसर प्रदान किए गए। इसमें राज्य कौशल विकास मिशन की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2015 में स्किल इंडिया मिशन की शुरुआत भी की थी। इस मिशन का उद्देश्य युवाओं का कौशल विकास कर उन्हें रोजगार के स्थायी अवसर प्रदान करना था। आज इस मिशन के द्वारा प्रत्येक वर्ष एक करोड़ से अधिक युवाओं का कौशल विकास किया जा रहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के द्वारा युवाओं को नवीन तकनीकों पर आधारित कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके अंतर्गत अब तक एक करोड़ से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जा चुका है और लाखों लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं। आज देश भर में 700 से अधिक जिलों में 26,000 से अधिक प्रशिक्षण कें द्रों का एक मजबूत नेटवर्क स्थापित किया जा चुका है। जहां पर युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। एक अनुमान के मुताबिक भारत में 48.7 करोड़ श्रमिक हैं।

आज भी हमारे देश में ऐसे श्रमिकों की संख्या अधिक है, जो अपने काम में निपुण तो होते हैं, लेकिन प्रमाणित नहीं होते हैं। इसीलिए कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय संकल्प प्रोजेक्ट के द्वारा ऐसे श्रमिकों को प्रमाणित कर रहा है, ताकि उन्हें भविष्य में बेहतर रोजगार के अवसर मिल सकें। इसके साथ ही भविष्य के कौशल निर्माण के लिए भी श्रमिकों को तैयार किया जा रहा है, ताकि उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके। सरकार की महत्वपूर्ण पहलों में से एक आरपीएल (रिकगनाइजेशन ऑफ प्रायर लर्निंग) के द्वारा भी श्रमिकों के हुनर को एक अलग पहचान मिल रही है। हाल में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार आरपीएल प्रमाणीकरण के बाद लगभग 47 प्रतिशत लोगों ने स्वीकार किया है कि उनकी आय में वृद्धि हुई है। इतना ही नहीं, नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार जिन उम्मीदवारों ने आरपीएल में प्रशिक्षण प्राप्त किया है उनमें से 59 प्रतिशत उम्मीदवारों ने स्वीकार किया है कि वह उनके कौशल को सशक्त बनाता है और बाजार में उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर दिलाने में उनकी मदद करता है।

## मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और खिलाड़ी दीपा मलिक ने किए महाकाल के दर्शन, पुजारियों ने विधिवत कराई पूजा



बाबा महाकाल के दरबार मे आज मध्यप्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अपने उज्जैन प्रवास के दौरान सपत्नीक श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन किए। दौरान उन्होंने चांदी द्वार से बाबा महाकाल की पूजा अर्चना की। उसके बाद नंदी हॉल में बैठकर ओम नम: शिवाय का जाप किया। बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचे श्री राजपूत को पं महेश पुजारी ने पूजन अर्चन सम्पन्न करवाया। इस दौरान अपने नदी के कानों में अपनी मनोकामना कही। श्री राजपूत ने मंदिर परिसर में साक्षी गोपाल जी व सिद्धि विनायक जी के भी दर्शन किए। दूसरी ओर विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में पद्मश्री और अर्जुन अवार्डी भारतीय दिव्यांग खिलाड़ी दीपा मालिक ने भी आज भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन किए। पूजन अर्चन करवाने वाले अर्पित पुजारी ने बताया कि श्री महाकालेश्वर मंदिर में पद्मश्री व अर्जुन अवार्डी भारतीय दिव्यांग खिलाड़ी दीपा मालिक ने भगवान महाकाल का पूजन व दर्शन नंदी हॉल से किया। दीपा यहां अपने परिवार के साथ पहुंची थीं। मंदिर में दर्शन के लिए दिव्यांगजनों के लिए की जा रही व्हील चेयर और अच्छे से दर्शन व्यवस्था को लेकर दीपा ने मंदिर प्रशासन की जमकर सराहना की। दीपा ने कहा कि हम पैरालंपिक की तैयारी कर रहे हैं। हमारा देश 2024 के पैरालंपिक खेलों के लिए जा रहा है। देश की अच्छी भागीदारी हो और ढेर सारे मैडल प्राप्त करने के साथ ही परिवार की शांति के लिए भगवान महाकाल से प्रार्थना करने आई हूं। याद रहे कि दीपा मलिक शॉटपुट एवं जेवलिन थ्रो के साथ-साथ तैराकी एवं मोटर रेसलिंग से जुड़ी दिव्यांग भारतीय खिलाड़ी है, जिन्होंने वर्ष 2016 में आयोजित पैरालंपिक में शॉटपुट में रजत पदक जीतकर इतिहास रचा है।

# जनगणना इसलिए जरूरी है: बेहतर और कल्याणकारी नीतियां बन सकें, आबादी की संरचना-आंकड़ों की सटीक जानकारी मिल सके

हम वर्ष 2024 का आधा पड़ावपार कर चुके हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार अपने तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में वापसी कर चुकी है। लेकिन हर दस वर्ष में होने वाली जनगणना को लेकर अब तक कोई बात नहीं की जा रही। अंतिम बार जनगणना 2011 में हुई थी। भारत ने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान भी जनगणना करवाई थी, लेकिन 1981 से हर दस वर्ष में शुरू हुए जनगणना के क्रम को वर्ष 2020 में कोरोना महामारी के कारण स्थगित करना पड़ा। लेकिन, आश्चर्य की बात यह है कि चार साल बीत जाने के बावजूद हमारे पास अब भी जनगणना कराने के लिए समय नहीं है। बांग्लादेश और ब्राजील ने अपनी अंतिम जनगणना 2022 में संपन्न कराई थी। अमेरिका और चीन, तो चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी अपनी जनगणना 2020 में ही करवा चुके हैं।जनगणना के माध्यम से ग्रामीण स्तर तक देश के लोगों की संख्या और जनसांख्यिकीय व सामाजिक-आर्थिक विशेषताओं की जानकारियां बड़े स्तर पर जुटाई जाती हैं। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ माइग्रेशन ऐंड डेवलपमेंट, केरल से संबंधित दो प्रतिष्ठित



जनसांख्यिकीविद एस. इरुदया राजन और यूएस मिश्रा ने हाल ही में टिप्पणी की, कि दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश भारत में जनसंख्या की गणना वास्तविक नहीं है। दरअसल, भारत की जनसंख्या के ज्यादातर अनुमान दशकों पुराने आंकड़ों पर आधारित हैं। भारत जब तक अपनी समुचित जनगणना नहीं करा लेता, तब तक हमारे पास सिर्फ अनुमान ही होंगे। जनगणना में देरी के पीछे जो भी कारण हों, लेकिन जनगणना के आंकड़ों की कमी एक गंभीर मसला है। यह न केवल शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं के लिए नुकसानदेह है, बल्कि जनगणना के आंकड़ों में देरी की वजह से कल्याणकारी कार्यक्रमों का क्रियान्वयन भी प्रभावित होता है। जैसा राजन और मिश्रा भी इंगित करते हैं कि 'सटीक जनसंख्या और जनसांख्यिकीय संरचना को जानना महत्वपूर्ण है, ताकि हम बेहतर नीतियों का मसौदा तैयार कर सकें।' राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) 2013 के अंतर्गतदेश के करीब 81.35 करोड़ लोगों को 31 दिसंबर, 2028 तक मुफ्त राशन दिया जाएगा। यह राशन 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार दिया जा रहा है। सरकारके2019 के बयान के आधार पर देश की 67 फीसदी आबादी यानी 80 करोड़लोग सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के हकदार हैं। स्वतंत्र शोधकर्ताओं का अनुमान है कि मौजूदा समय में करीब 92 करोड़ लोग इस दायरे में आने चाहिए। अद्यतन जनसांख्यिकी आंकड़े मिलने पर एनएफएसए को लाभ मिलेगा। यह बात उन अज्ञात लाभार्थियों पर भी लागू होती है, जो राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत वृद्धावस्था पेंशन के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता से वंचित हैं। जनगणना के नवीनतम आंकड़े नहीं होने की कई चुनौतियां हैं। एक शोधकर्ता का कहना है कि यदि हमें बच्चों का टीकाकरण करना है, आंगनवाड़ी कहां खोलनी है या पीडीएस में कितने परिवारों को शामिल करना है, तो इसके लिए जनगणना की जरूरत है। यही जनसंख्या के आंकड़ों का एकमात्र स्वतंत्र स्रोत है, जिससे प्रशासन और गांव स्तर तक आबादी की विशेषताओं, जैसे-आयु, लिंग, परिवार का आकार आदि की जानकारी मिलती है। कई शोधकर्ताओं ने इस ओर ध्यान दिया है कि प्रशासनिक आंकड़े इस बात पर निर्भर करते हैं कि सरकारी तंत्र किन लोगों तक पहुंच पाया। ऐसे में, पक्षपात की आशंका बनी रहती है। यह तथ्य जननीति के लिए स्वतंत्र और पूर्ण जनगणना की मांग को स्पष्ट करता है। हालांकि इसका मतलब यह नहीं कि सरकार और उसकी विभिन्न एजेंसियों ने हाल के वर्षों में कोई देशव्यापी सर्वे नहीं किया है। इनमें 2022-23 का वार्षिकआवधिकश्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस), घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (एचसीईएस/एमपीसीई), 2020 की नागरिक पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) के तहत जन्म और मृत्यु के पंजीकरण का वार्षिक सर्वेक्षण और राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2019-21 का एनएफएचएस-5) किए गए हैं। लेकिन जनगणना के नवीनतम आंकड़ों के बिना यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि किसको सबसे ज्यादा मदद की जरूरत है। उम्मीद है कि नई गठबंधन सरकार इस ओर ध्यान देगी।

# ट्रक बैक करते समय मोटरसाइकिल से टकराने पर 8 वर्षीय बालक घायल

## इलाज के दौरान चिकित्सालय मे मौत, ग्रामीणों में शव रोड पे रखकर करा प्रदर्शन

**यशपाल सिंह जाट । सिटी चीफ**
अनूपपुर, अनूपपुर जिले की भालूमाडा थाना अंतर्गत पयारी क्रमांक 2 एवं निमहा गांव के मध्य रविवार की सुबह मोटरसाइकिल से अपने गांव दारसागर जा रहे मोटरसाइकिल सवार पर आमाडांड से भालूमाडा की ओर आ रहा एक बारह चक्का वाला ट्रक जो खड़ा रहा के अचानक बैक करने दौरान चपेट मे आने से घायल 8 वर्षीय बालक की उपचार दौरान जिला चिकित्सालय अनूपपुर में मौत हो जाने पर की सूचना पर अस्पताल पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही है वही ट्रक को जप्त कर लिया गया है जबकि चालक मौके से फरार होना बताया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार भालूमाडा थाना अंतर्गत दारसागर निवासी माखनलाल प्रजापति अपने 8 वर्षीय अनुराग को अपनी मोटरसाइकिल में निमहा गांव में कुछ काम करने बाद रविवार की सुबह वापस आ रहा था तभी आमाडांड से भालूमाड़ा की ओर जा रहा था ट्रक





सी,जी,12एस6073 का चालक ट्रक को अचानक बैक कर रहा था तभी मोटरसाइकिल बालक के चपेट में आने पर पिता ने निकाला लेकिन 8 वर्ष की बालक को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य प्राथमिक कोतमा प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद बेहतर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय अनूपपुर ले जाने पर उपचार दौरान बालक की मौत हो जाने पर डियूटी डॉक्टर द्वारा जिला अस्पताल पुलिस चौकी से जाने पर पुलिस के द्वारा परिजनों की उपस्थिति में पंचनामा एवं पी,एम, कराने बाद अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप कर जांच प्रारंभ किया गया,इस दौरान ग्रामीणों ने ट्रक को रोक कर पुलिस को सौंपा जबकि वाहन चालक मौके से फरार हो गया वहीं पर नाराज ग्रामीणों ने सव को रोड पर रखकर प्रदर्शन कर रहे हैं जिससे आवागमन प्रभावित है पुलिस मौके पर मौजूद हैं...

# अनूपपुर जमुना कोतमा क्षेत्र में महाप्रबंधक हरजीत सिंह मदान के खिलाफ श्रमिक नेता लाल मन सिंह की न्यायिक विजय

## उच्च न्यायालय ने अनूपपुर के लिपिक श्री लालमन सिंह की बर्खास्तगी पर रोक लगाई

**यशपाल सिंह जाट। सिटी चीफ**
अनूपपुर, जमुना कोतमा क्षेत्र में लिपिक के पद पर कार्यरत श्री लालमन सिंह के खिलाफ महाप्रबंधक हरजीत सिंह मदान ने राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित होकर झूठी शिकायतों के आधार पर कार्रवाई कर 10 मई 2024 को जारी आरोप पत्र क्रमांक 109 के तहत लाल मन सिंह को नौकरी से बर्खास्त करने की योजना बनाई गई थी

लालमन सिंह ने इस अवैध कार्रवाई को जबलपुर उच्च न्यायालय में चुनौती दी न्यायालय ने 21 मई 2024 को प्रबंधन की सभी कार्यवाहियों पर स्थगन आदेश जारी करते हुए सभी मूल दस्तावेजों को एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया अगली सुनवाई 31 मई 2024 को होनी थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से यह सुनवाई नहीं हो सकी और नई तारीख 1 जुलाई 2024 तय की गई

महाप्रबंधक मदान की योजनाओं को विफल होते देख,





प्रबंधन ने उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए लीगल ओपिनियन का सहारा लिया और 28 जून 2024 को लालमन सिंह को पांच पद नीचे करने का आदेश जारी कर दिया इस अन्यायपूर्ण कार्रवाई के खिलाफ लालमन सिंह ने 1 जुलाई 2024 को वरिष्ठ अधिवक्ता श्री के.सी. घिडियाल के माध्यम से कोड ऑफ कंटेम्प्ट का केस दायर किया। 10 जुलाई 2024 को हुई सुनवाई में उच्च न्यायालय ने प्रबंधन की कार्रवाई पर स्थगन आदेश पारित किया और महाप्रबंधक हरजीत सिंह मदान, महाप्रबंधक संचालन अजय कुमार, उप क्षेत्रीय प्रबंधक और खान प्रबंधक जमुना 5/6 टी.ए. खान के खिलाफ नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया जमुना कोतमा क्षेत्र के प्रबंधन का बदले की भावना से प्रेरित होकर न्यायालय के आदेश की अवहेलना करना चिंताजनक है न्यायालय के आदेश का सम्मान देश के कानूनी ढांचे का मूलभूत सिद्धांत है, जिसे जमुना कोतमा क्षेत्र का प्रबंधन लगातार तोड़ रहा है खदान में लागू नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए प्रबंधन कर्मचारियों को असुरक्षित कार्य स्थितियों के लिए विवश करता है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं

लालमन सिंह ने अपने संघर्ष को जारी रखते हुए क्षेत्र के सभी श्रमिकों से सहयोग की अपील की है उन्होंने सभी साथियों को हृदय से धन्यवाद देते हुए अन्याय और शोषण के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया है लालमन सिंह ने कहा कि तानाशाह और भ्रष्ट प्रबंधन के खिलाफ लड़ाई में एकता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और वह अपने साथियों के साथ मिलकर इस लड़ाई को अंजाम तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं. श्रमिक नेता लालमन सिंह ने जमुना कोतमा क्षेत्र श्रमिक साथियों से अनुरोध किए हैं कि सदस्यता सत्यापन में अधिक से अधिक अपना-अपना सहयोग दे कर भ्रष्ट व ताना साह प्रबधन से लड़ने हेतु सक्षम बनाने का कष्ट करें !

## वन क्षेत्र पोडी में लक्षित पौधारोपण कार्य का कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री जायसवाल ने पौधारोपण कर किया शुभारंभ

# कार्यक्रम में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, वन मंडलाधिकारी समेत अन्य लोग शामिल रहे

**यशपाल सिंह जाट। सिटी चीफ**
प्रधानमंत्री जी के आव्हान पर राज्य सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाए जा रहे पौधारोपण कार्यक्रम के तहत जिले में वृहद पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है इसी तारतम्य में वन मंडल अनूपपुर द्वारा वन सर्कल वेंकटनगर के बीट पोड़ी के 30 हेक्टेयर वन क्षेत्र में 15 हजार पौधों के रोपण कार्य का शुभारंभ मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल द्वारा पौधारोपण कर किया गया। वन विभाग के पौधारोपण कार्यक्रम में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार, वनमंडलाधिकारी श्रद्धा पेन्द्रे जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष भाजपा जिला अध्यक्ष



रामदास पुरी, मनोज द्विवेदी, प्रेमचंद यादव, हनुमान गर्ग , ग्राम पंचायत लहसुना की सरपंच श्रीमती रामवती सिंह जनपद जैतहरी की सदस्य राजकुमारी तथा स्थानीय नागरिकों, शासकीय सेवकों, वन कर्मियों द्वारा पौधारोपण कर कार्यक्रम में सहभागिता दर्ज कराई गई। ग्राम पोड़ी के कपरिया वन क्षेत्र में आंवला,बहेड़ा, हर्रा, सिरस, जामुन, अर्जुन, खमहार ,करंज काला शीशम, सागौन,चिरौल, बांस के पौधों का रोपण किया गया

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का हुआ शुभारंभ

# शुभारंभ का मुख्य कार्यक्रम इंदौर में गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ





**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ** शाजापुर, शासकीय बी.के.एस.एन.कॉलेज का प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में चयन होने के बाद आज उसका शुभारंभ कार्यक्रम संपन्न हुआ। शुभारंभ का मुख्य कार्यक्रम इंदौर में गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। शाजापुर में आयोजित हुए कार्यक्रम की शुरुआत जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री विपुल कसेरा के मुख्य आतिथ्य में की गई। अतिथियों ने मुख्य द्वार पर फीता काटकर इसे प्रारंभ किया और छात्राओं ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। अतिथियों ने हिंदी ग्रंथ अकादमी के स्टॉल का निरीक्षण किया। तत्पश्चात उन्होंने विद्या वन में पौधारोपण किय। युवा संसाधन केंद्र और भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ को देखा। मंचीय कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। प्राचार्य डॉ.बी.एस. विभूति ने अतिथियों का स्वागत किया और प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की अवधारणा को समझाया। जनभागीदारी अध्यक्ष श्री विपुल कसेरा ने महाविद्यालय की प्रगति और विभिन्न विषयों की जानकारी दी। श्री पवन गुर्जर ने विद्यार्थी हित को सर्वोपरि बताया। इस अवसर पर जिला पंचायत सी.ई.ओ.श्री संतोष टैगोर ने विद्यार्थियो से अनुशासित होकर पढ़ने की अपील की। तत्पश्चात सभी ने इंदौर से लाइव प्रसारण कार्यक्रम देखा। इस अवसर पर श्री संतोष बराड़ा, श्री नवीन राठौर, श्री विजय जोशी, श्री दीपक वर्मा एवं जनभागीदारी सदस्य श्री सावन सिंह दलोदिया,महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.वी.पी.मीणा ने किया।

# दीपक भीमावद का इंदौर के अस्पताल में उपचार के दौरान का निधन

## शाजापुर जिले में शोक की लहर, अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ** शाजापुर, स्वर्गीय गंगाराम भीमावद के सुपोत्र, किशोर सिंह भीमावद , स्व.राजमल जी भीमावद के भतीजे स्व. देवीसिंह भीमावद के पुत्र, शाजापुर के विधायक अरूण भीमावद के छोटे भाई एवं रित्विक भीमावद (छोटू) के पिता दीपक भीमावद (49) का गत दिवस एक सड़क दुर्घटना होने के बाद इंदौर के अस्पताल में उपचार के दौरान शुक्रवार देर रात्रि को दुखद निधन हो गया है। निधन का समाचार मिलते ही जिले में शोक ली लहर छा गई। शनिवार दोपहर 01 बजे निमवाड़ी



स्थित निवास से अंतिम यात्रा निकली और स्थानीय शांतिवन में स्व. दीपक भीमावद का अंतिम संस्कार किया गया। शांतिवन में आयोजित शोकसभा में मप्र सरकार के केबिनेट मंत्री इंदरसिंह परमार, क्षेत्रीय सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक नायक, कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह शैलेंद्र सोनी, पाटीदार समाज के अध्यक्ष डॉ राजकुमार पाटीदार ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम यात्रा में जिले भर के बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## शासकीय विवेकानंद कालेज, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस का हुआ जिला मैहर में शुभारंभ

# कालेज का उद्बोधन इंदौर से ऑनलाइन ग्रह मंत्री अमित शाह एवम मुख्यमंत्री मोहन यादव आदि मंत्रियों के साथ संपन्न हुआ

**उमेश कुशवाहा । सिटी चीफ**
मैहर, आज दिनाक़ 14 जुलाई को सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में एक साथ 55 जिलों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस के अनुरूप मैहर विवेकानंद कालेज में भी शुभारंभ मैहर जिले के लोकप्रिय विधायक श्री कांत चतुर्वेदी के मुख्य अतिथि एवम विशिष्ठ अतिथि कलेक्टर रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोनी, जन भागीदारी अध्यक्ष संतोष पाण्डेय (राजा भैया),जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, प्राचार्य अरुण गौतम, आदि लोगो की गरिमामय उपस्थिति के बीच में दीप प्रज्वलन कर किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कालेज परिसर में सभी अतिथियों के द्वारा लगाया गया। इस अवसर पर मैहर विधायक श्री कांत चतुर्वेदी जी ने ज्ञान रूपेण वेद संस्कृति संस्कार अध्ययन हेतु एक पुस्तकालय का विमोचन किया गया। आज के इस कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन प्राचार्य अरुण गौतम, एवम जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा की निश्चित ही मैहर विधायक एवम प्रशासन के अथक प्रयासों से आज हमारा कालेज 55 कालेजों में स्थान अर्जित कर पाया है उसके लिए मैं केंद्र सरकार एवम राज्य सरकार के प्रति धन्यवाद अर्पित करता हू। मैहर विधायक ने कहा कि आज से छात्र छात्राओं के हितार्थ एक रुपए में बस सेवा भी शुरू हो रही है। यह मोहन यादव की सरकार है जो चहुमुखी विकास की सरकार है। हमारा जिला शिक्षा के छेत्र में अग्रणी स्थान अर्जित करेगा। मध्य प्रदेश सरकार का प्रयास उत्कृष्ट शिक्षा शशक्त युवा बनाना है।ज्ञात हो मैहर में सी एम राइज स्कूल बन कर तैयार है। आने वाले समय में हम सब का मैहर जिला विकास के रूप में अग्रणी होगा। मां शारदे की नगरी विकास की नई इबारत लिखेगा। कलेक्टर महोदया ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य विधार्थी के अंदर व्याप्त प्रतिभा को निखारना होता है आज जो मैहर जिले को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस की जो सौगात प्राप्त हुई है उससे शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार होगी। आज का यह कार्यक्रम सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में एक साथ 55 जिलों में इंदौर से ऑनलाइन कालेज का शुभारंभ भारत सरकार के ग्रह मंत्री अमित शाह एवम मुख्यमंत्री मोहन यादव आदि मंत्रियों के उद्बोधन के साथ संपन्न हुआ। तत्पस्चात कालेज परिसर में फ्री एक रुपए में बस सेवा को मैहर विधायक श्री कांत चतुर्वेदी एवम कलेक्टर , पुलिस अधीक्षक आदि के द्वारा हरि झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

# उच्च न्यायालय ने अनूपपुर के लिपिक श्री लालमन सिंह की बर्खास्तगी पर रोक लगाई

## जमुना कोतमा प्रबंधन के खिलाफ उच्च न्यायालय में अवमानना केस दायर

**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ** शाजापुर। नगर में लगने वाला साप्ताहिक हाट बाजार में दुकाने लगाने वाले व्यापारी पिछले दो सप्ताह के बाद इस सप्ताह भी दुकाने नहीं लगा सके। गत दिनों बैठक में आश्वासन मिलने के बाद भी व्यापारी अपनी दुकान नहीं लगा सके। जिसके कारण उनका गुस्सा फूट पड़ा और उनका नपाकर्मियों से विवाद भी हुआ। शाजापुर में 3 हफ्ते से लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार में व्यापारियों दुकान लगाने के लिए को जगह नहीं मिलने के कारण से परेशानी आ रही है। क्योंकि गत दिनों साप्ताहिक हाट बाजार में निजी जमीन पर कुछ दुकाने सालों से लग रही थी। कोर्ट के आदेश के बाद उस जमीन से प्रशासन ने दुकानदारों को हटा दिया



और उन्हें नई जगह देने का आश्वासन दे दिया। एसडीएम सहित पुलिस प्रशासन और नगर पालिका अमले ने हाट बाजार में पहुंचकर दुकान लगाने की नई व्यवस्थाओं का निर्धारण कर दिया और उसी नई व्यवस्था के तहत रविवार को प्रशासन के निर्देश पर मौजूद कुछ नगर पालिका कर्मचारी दुकान लगवाने पहुंच गए थे, लेकिन जगह नहीं मिलने से व्यवस्था नहीं हो सकी। जिसके चलते व्यापारियों का गुस्सा फूट पड़ा और यापारियों और नगर पालिका कर्मचारियों में विवाद की स्थिति भी बन गई और जिम्मेदारों के नहीं पहुंचने से नई व्यवस्था लागू नहीं हो पाई और वह पूरी तरह से फेल हो गई।

**आश्वासन मिला था, फिर भी नहीं मिली दुकाने-** व्यापारियों ने बताया कि दो सप्ताह से दुकाने नहीं लगा सके हैं। हम इसी काम पर निर्भर हैं। पिछले सप्ताह भी खाली हाथ लौट गए थे। आज भी हमें दुकाने नहीं मिल सकी हैं। जबकि कुछ दिन पहले मीटिंग भी हुई थी जिसमें दुकाने देने की बात हुई थी, लेकिन दुकाने नहीं मिल सकी है। हम लोग नगर पालिका को हर सप्ताह 20 रू. का शुल्क देते हैं। हमें दुकाने तो मिलन चाहिए यह जवाबदारी नगर पालिका की है।

## राज्य वन सेवा परीक्षा-2022 का रिजल्ट जारी

# सतना की पारुल अग्रवाल ने 8वीं रैंक पा कर बनी रेंजर

**उमेश कुशवाहा । सिटी चीफ** सतना, राज्य वन सेवा परीक्षा का रिजल्ट जारी हो गया है। 9 जुलाई की रात घोषित हुए परिणामों में शहर के टिकुरिया टोला में रहने वाली 28 वर्षीय पारुल अग्रवाल रेंजर बन गई हैं। परियोजना क्षेत्रपाल के 15 पदों के लिए जारी सूची में मध्यप्रदेश के अंदर 8वां स्थान मिला है। पारुल के पिता पवन अग्रवाल चूना व पेंट के कारोबारी हैं। मां हेमलता गृहणी है। वह समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय रहती हैं। एक छोटा भाई पढ़ाई कर रहा है। बातचीत में पारुल ने कहा कि स्कूली शिक्षा कक्षा 1 से लेकर 12वीं सेंट माइकल स्कूल अमौधा से की। 2013 में



विज्ञान संकाय से हायर सेकंडरी में अव्वल रही। 2017 में विट्स कॉलेज से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूर्ण की। इसी साल राज्य प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी करने इंदौर चली गई। तीन साल इंदौर में गुजारे पर 2020 में कोविड आ गया। आपदा के डर से सतना लौट आई। घर लौटने के बाद भी सेल्फ स्टडी करती रही। कोरोना खत्म होने के बाद दो साल बाद पुन- इंदौर लौट गई। फिर नए तरीके से तैयारी शुरू की। सेल्फ स्टडी कर पाई सफलता- राज्य वन सेवा की परीक्षा में एक बार असफल हुई, पर हार नहीं मानी। दूसरा प्रयास शुरू करते हुए 8 से 10 घंटे पढ़ाई में झोंक दिए। कोचिंग की जगह खुद के नोट्स तैयार किए। कुछ पब्लिशर्स की किताबें पढ़ीं। अखबारों से करंट अफेयर्स का ज्ञान अर्जित किया। राज्य वन सेवा प्री का पेपर मई 2023 में हुआ। अच्छा गया तो तैयारी बढ़ा दी। इसके बाद 10 दिसंबर 2023 को मेंस के रिजल्ट ने हौसला बढ़ा दिया। इसी माह 2 जुलाई को इंटरव्यू हुआ। सातवें दिन 13 पोस्ट का रिजल्ट आया। ऐसे में फॉरेस्ट प्रोजेक्ट रेंजर की मेरिट में 8वां स्थान मिला है। सफलता पर पारुल कहा कि मोबाइल उतना ही चलाएं, जितना जरूरी है। हार नहीं मानें। एक दिन बंद खिड़की का दरवाजा जरूर खुलेगा।

## आग की घटनाओं के बाद भी नहीं चेत रहे जिमेदार आग बुझाने का खर्च वसूलने तक सिमटी कार्रवाई

# जान से खिलवाड़, रिहायशी कॉलोनियों में बिना अनुमति चल रहे 50 से अधिक गोदाम

**उमेश कुशवाहा । सिटी चीफ** सतना, शहर की पॉश एवं रिहायशी कॉलोनियों में अवैध रूप से संचालित गोदाम हर समय हादसे को आमंत्रण दे रहे हैं। शहर की जनता की जान से लगातार खिलवाड़ हो रहा है। शहर में एक-दो नहीं, घनी आबादी के बीच 50 से अधिक अवैध गोदाम संचालित हैं। इनमें आए दिन आग लगने की घटनाओं के बावजूद निगम प्रशासन की अवैध गोदामों को बंद कराने में कोई दिलचस्पी नहीं है। गोदामों में आग की घटनाओं के बाद निगम प्रशासन की कार्रवाई आग बझाने में आने वाले खर्च की वसूली तक सीमित है। इससे निगम पर अवैध गोदामों को संरक्षण देने के आरोप लग रहे हैं।



हादसे के बाद भी चल रहे अवैध गोदाम- रिहायशी कॉलोनियों में अवैध रूप से संचालित जिन गोदामों में आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं, निगम प्रशासन उन पर भी ताला नहीं लगा पाया। सोमवार को जब रिहायशी कॉलोनियों में जाकर अवैध रूप से संचालित गोदामों की जानकारी ली गई तो जीवन ज्योति कालोनी, आदर्श नगर व टिकुरिया टोला स्थित जिन गोदामों में पूर्व में आग लग चुकी है, वह अभी भी संचालित पाए गए। इन अवैध गोदामों पर निगम की दरियादिली कभी भी कॉलोनी के रहवासियों की जान पर भारी पड़ सकती है।

**नीचे गोदाम, ऊपर मकान:** टिकुरिया टोला बांस नाका में दो गोदाम नियम कायदों को ताक पर रख कर संचालित पाए गए। रिहायशी मकान के भूतल में गोदाम संचालित हो रहा है। उसमें सैकड़ों टन ज्वलनसील सामग्री डंप है। गोदाम के ऊपर प्रथम तल का उपयोग मकान के रूप में किया जा रहा है। इसमें कई परिवार निवास कर रहे हैं। यदि इन गोदामों में आग लगी तो कई जानें जा सकती हैं।

**आग से सुरक्षा के इंतजाम जरूरी:** शहर के हर दुकानदार ने आधे घर को गोदाम बना रखा है। अधिकांश जगह नीचे गोदाम ऊपर मकान बने हैं। ऐसे हालात में सभी दुकानों में ताला लगवाना संभव नहीं है, लेकिन हर गोदाम में आग से सुरक्षा के पुता इंतजाम हों, इसके लिए सभी दुकानदारों को आगे आकर उपाय करने चाहिए। यदि हादसे के बाद भी गोदामों में आग से सुरक्षा उपकरण नहीं लगवाए जा रहे तो ऐसे गोदाम संचालकों पर दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। इसका प्रस्ताव रखा जाएगा।

**योगेश ताम्रकार, महापौर नगर निगम:** कोई भी गोदाम रहवासी क्षेत्र में संचालित नहीं हो सकता। गोदाम संचालन की अनुमति औद्योगिक क्षेत्रों दी जाती है। गोदाम के चारों 10 फीट खुली जगह होनी अनिवार्य है, जिससे आग लगने पर दमकल वाहन मौके तक पहुंच सके। गोदाम संचालित करने नगर निगम की भवन अनुज्ञा एवं फायर एनओसी अनिवार्य है, लेकिन शहर में संचालित एक भी गोदाम के पास न तो नगर निगम की अनुमति है और न फायर एनओसी।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियानांतर्गत म.प्र. लघु वेतन कर्मचारी संघ ने किया सरदार पटैल उमावि एवं सीताबावली मुक्तिधाम में वृक्षारोपण

## मोके पर विद्यालय प्राचार्य प्रतिनिधि, संरक्षक, जिला सचिव समेत अन्य संघ पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों उपस्तिथ रहे

**धीरज कुमार अहीरवाल। सिटी चीफ** दमोह, दमोह कलेक्टर के निर्देषानुसार एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत म.प्र. लघु वेतन कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के सामने स्थित शासकीय सरदार पटैल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह एवं सीताबावली मुक्तिधाम दमोह में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर म.प्र. लघु वेतन कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष प्रमोद अहिरवार ने कहा कि हमारा पर्यावरण स्वच्छ व साफ रहे इस हेतु वृक्ष लगाना अत्यावष्यक है। वृक्षारोपण का उद्देष्य वायु प्रदूषण को कम करना एवं प्राणियों को शुद्ध वायु उपलब्ध कराना है। शुद्ध हवा एवं स्वच्छ वातावरण मनुष्यों एवं




जीव-जंतुओं के लिये औषधि का काम करता है। वातावरण को साफ व स्वच्छ रखना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है इसी उद्देष्य को लेकर प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में एक वृक्ष लगाना चाहिये ताकि आगे आने वाली पीढ़ी को हम स्वच्छ वातावरण प्रदान कर सकें तभी शासन द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान सच्चे अर्थों में सार्थक होगा। उन्होंने संघ के समस्त पदाधिकारियों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य प्रतिनिधि सी.बी. अहिरवार, संरक्षक शेख हनीफ खान, जिला सचिव अभिषेक सिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र अहिरवार, ब्लाक अध्यक्ष भगवती शरण चौबे, धरमदास रोहित, प्रवीण रोहित, इमरत लाल अहिरवार, मंगल दुबे, सदन कटारया, सहित बड़ी संख्या में संघ पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह के उद्घाटन कार्यक्रम सम्पन्न

# प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा व सुना गया

**धीरज कुमार अहीरवाल । सिटी चीफ** दमोह, यह बहुत महत्वपूर्ण और खुशी का क्षण हैं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में पूरे मध्य प्रदेश में हर जिले में एक कॉलेज को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस के लिए चुना गया हैं, इसमें दमोह कॉलेज को चुना गया हैं। हमारे लिए सौभाग्य की बात हैं, यह कॉलेज अब और नई ऊंचाइयां को छूएगा और सारी सुविधाएं बढ़ेंगी। जितनी सुविधाएं यहां उपलब्ध हैं और जिनकी जरूरत पड़ेगी तो निश्चित रूप से पूरा कराया जाएगा। आप सभी के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं और बधाई। इस आशय की बात आज प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान व्यक्त की। इस दौरान दमोह विधायक एवं पूर्व मंत्री जयंत कुमार मलैया, विधायक हटा उमादेवी खटीक, जनपद अध्यक्ष प्रीति राजू कमल ठाकुर, भा.ज.पा. जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, प्रिंस जैन, अपर कलेक्टर मीना मसराम मंचासीन रहे।



राज्यमंत्री लखन पटैल ने कहा उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि इस वर्ष से बीएससी एग्रीकल्चर शुरू हो गया हैं यह अलग प्रयोग हैं, बड़े दिनों से मांग थी कि कृषि संकाय यहां खुले, अब इस कॉलेज में खुला हैं। इसके लिए आप सभी और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं हैं, इस फील्ड की एक अलग मांग है अलग इसकी जगह हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की मूर्ति पर माल्यापर्ण और दीपप्रवलित कर किया गया।

पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा सभी को बहुत शुभकामनाएं हमारे जिले में भी प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस खुला हैं। उन्होंने कहा मैं इस कॉलेज में पढ़ा नहीं हूं लेकिन इस कॉलेज से थोड़ा इमोशनली जुड़ा हुआ हूं। उन्होंने कहा पुराने लोगों का जिन्होंने अपना श्रम लगाया है, काम किया है, उस समय बड़ा मुश्किल का काम था, जिले के अंदर कोई कॉलेज नहीं था एक प्राइवेट जगह पर कॉलेज लगता था और आज प्रसन्नता की बात है अभी मैं प्लांटेशन करने आया था तो देखा किस तरीके से पूरा प्रांगण खूबसूरत हो गया है, छायादार वृक्ष है, सड़क है, सुंदर भवन है, ऑडिटोरियम है, ज्यादातर सब्जेक्ट के यहां पर लैब है। उन्होंने कहा इस अवसर पर मैं सभी लोगों के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं, विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं कि आप सभी पढ़े-लिखे और दमोह शहर का, जिले का और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

**विभिन्न केन्द्रों का हुआ शुभारंभ-** राज्यमंत्री लखन पटेल और दमोह विधायक मलैया ने हिन्दी ग्रन्थ अकादमी पुस्तक विक्रय केन्द्र, भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ, विवेकानन्द युवा मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं विद्या वन का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर अतिथियों ने इन केन्द्रों का अवलोकन किया इस अवसर पर केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के इंदौर से मध्यप्रदेश के समस्त 55 जिलों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दमोह में भी देखा व सुना गया।

**प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स दमोह परिसर में हुआ पौधरोपण-** इस दौरान राज्यमंत्री लखन पटेल और दमोह विधायक मलैया ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स दमोह परिसर में पौध रोपण किया। उन्होंने सभी से एक पेड़ माँ के नाम या माँ की स्मृति में रोपित करने का सभी से आग्रह किया। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स दमोह में सभी सामान्य विषयों के अलावा बी.एस.सी. (बायोटेक), बी.एससी. (कृषि), बी.एस.सी. (कम्प्यूटर साइंस), बी.कॉम. (बेंकिंग फायनेंसियल सर्विसेस एवं इन्श्योरेन्स) एवं बी.ए. संगीत, पाठ्यक्रमों का इसी सत्र से अध्यापन प्रारंभ किया गया। साथ ही आई.आई.टी. दिल्ली के सहयोग से आर्टीफिशियल इन्टेलीजेन्स एवं FATCH विषय पर सर्टिफिकेट कोर्सेस प्रारंभ हो रहे हैं।

# मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह/निकाह योजना के तहत आज दमोह में 620 वर-वधु पवित्र बंधन में बंधेंगे

### जगतगुरुशंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती मुख्यमंत्री विवाह सम्मेलन में होंगे शामिल

**धीरज कुमार अहीरवाल । सिटी चीफ** दमोह, दमोह विधायक एवं पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया के मार्गदर्शन में कृषि उपज मंडी दमोह में 15 जुलाई 2024 को संपन्न होने जा रहे मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना में 620 वर-वधू पवित्र बंधन में बंधेंगे। कार्यक्रम स्थल पर प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, सांसद राहुल सिंह लोधी, विधायक जयंत मलैया, ने पहुंचकर अधिकारी-कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान विवाह स्थल पर भोजन व्यवस्था, रजिस्ट्रेशन स्थल, पार्किंग स्थल सहित विभिन्न बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। सभी तैयारियां समय पूर्व करने के निर्देश दिए। काशी सुमेरु पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज 15 जुलाई को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री विवाह सम्मेलन में शामिल होंगे। जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज सुबह 10:30 बजे कृषि उपज मंडी दमोह पहुंचेंगे, जहां वह उपस्थित मुख्यमंत्री विवाह सम्मेलन में नव दायित्व जीवन में प्रवेश करने वाले वर -वधू को मंगल आशीर्वाद देंगे।

## औलियाकन्हार फिजिकल क्लब में आज वृक्षारोपण

### सरपंच श्रीमती प्रेमलता बिसेन के मुख्य निर्देशन में किया जायेगा वृक्षारोपण




**लकेश पंचेश्वर । सिटी चीफ बालाघाट** । लालबर्रा, ग्राम पंचायत औलियाकन्हार के तत्वाधान में औलियाकन्हार फिजिकल क्लब में सोमवार दिनांक 15.07.2024 को प्रातः 10 बजे वृक्षारोपण कार्यक्रम 'एक पेड़ मां के नाम' का आयोजन किया गया है। वृक्षारोपण कार्यक्रम ग्राम सरपंच श्रीमती प्रेमलता बिसेन के मुख्य निर्देशन में किया जाना है। इस अवसर पर समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी तथा औलियाकन्हार फिजिकल क्लब के चेयरमैन श्री ओपी बिसेन, कोच श्री शैलेन्द्र यादव, सेक्रेटरी जगन्नाथ धानेश्वर, उपाध्यक्ष विनय हरिद्वाज एवं मुकेश चौहान, कोषाध्यक्ष कोमल बोपचे, सदस्य जितेन्द्र यादव, हितेश नागेश्वर, रोहित हरिद्वाज, दीपक यादव, सुशील ब्रम्हे, प्रभात मेश्राम, विजेन्द्र मराठा, सुनील बिसेन, भवन ब्रम्हे, निकेश ब्रम्हे एवं कपिल मेश्राम,मो सुलेमान खान एवं क्लब से जुड़े प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहेंगे।

# तेन्दूखेड़ा में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना तहत विवाह/निकाह हुये संपन्न

### मुख्यमंत्री ने संदेश दिया है की व्यर्थ के खर्चे से हम बचें और शासन की योजनाओं का लाभ लेते हुये मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत विवाह संपन्न करायें

**धीरज कुमार अहीरवाल । सिटी चीफ** दमोह, विवाह के बाद दो परिवार का जुड़ना, बल्कि लड़का उस गांव का दामाद बनता है तो पूरा गांव कहता है कि हमारे गांव का बेटा है, बेटी है, यह भारतीय संस्कार और भारतीय प्राचीन संस्कृति है। सनातन धर्म में गर्भ में आने के साथ व्यक्ति के साथ 16 संस्कारों के जुड़ने का हमारी भारतीय संस्कृति में उल्लेख है, एक तरह से संस्कारों के इस क्रम में विवाह संस्कार भी एक हिस्सा है, विवाह जब होता है, तो केवल एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति का मिलन नहीं होता है, वह अपनत्व का भाव जागृत करते हुए एक नए जीवन की शुरुआत होती है। सामूहिक विवाह पवित्रता पूर्ण काम भी है। यह बात आज प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअली इंदौर से जुड़कर तेन्दूखेड़ा में आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत संपन्न हो रहे वैवाहिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कही। इस अवसर पर संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक एवं धर्मस्व



राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, सांसद राहुल सिंह लोधी, प्रभारी कलेक्टर अर्पित वर्मा खासतौर पर मौजूद थे।

उन्होंने कहा सामूहिक विवाह की पद्धति में सरकार की ओर से जो मदद की जा रही है उन सारे के सारे मित्रों को मैं धन्यवाद देता हूं। मुख्यमंत्री ने संदेश दिया की व्यर्थ के खर्चे से हम बचें और शासन की योजनाओं का लाभ लेते हुए मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत जो लाभ मिलता है उसको लेकर शादी करें, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा यह बहुत बड़ा आयोजन है 1971 जोड़ों के विवाह संपन्न कराये जा रहे हैं। उन्होंने वर-वधुओं को दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने की बधाई और शुभकामनायें दी।

प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने कहा जैसा हम जानते हैं कि मध्य प्रदेश की सरकार जन कल्याण के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। इसलिए मध्य प्रदेश सबसे अग्रणी राज्य भी है। उन्होंने कहा गरीब कन्याओं की शादी करना सरकार का काम ही नहीं जिम्मेदारी भी है, कोई भी बहन-बेटी ऐसी ना रहे जिसके हाथ पीले ना हो, धनराशि के कारण कोई रुक ना जाए। मध्य प्रदेश सरकार ने आप सभी के लिए योजना चलाई है और आज मैं यहां सभी का उत्साह देख रहा हूं, लोगों में जो उत्साह है, वह देखने लायक है। उन्होंने कहा राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी और सभी कार्यकर्ताओं ने अथक प्रयास कर इस कार्यक्रम को सफल बनाया है, इसके लिये सभी को और वर-वधुओ को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने, जब उन्होंने अपना पदभार संभाला तो सबसे पहले काम उन्होंने किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि देना शुरू किया, 3 करोड़ लोगों को आवास देने का काम मध्य प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार कर रही है और अब 3 करोड़ नए आवास लोगों को भारत देश में दिए जाएंगे। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री को साधूवाद देता हूं। उन्होंने कहा आपका स्नेह और आशीर्वाद मिले, हम सब पूरी प्रबल इच्छा शक्ति से, ईमानदारी से दोनों हाथ फैलाए आपकी सेवा करने के लिए खड़े हुए हैं। पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा मध्य प्रदेश सरकार कन्याओं के विवाह के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कर रही है। अब गरीब कन्याओं के विवाह के लिए उनके माता-पिता सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों से चिंता मुक्त हो गये हैं। अब गरीब भी अपनी बेटी का विवाह शान से कर रहा है। ऐसे विवाह आयोजनों में प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक, कलेक्टर सभी अधिकारी उपस्थित होते हैं, यह सबके लिए एक गौरव का क्षण होता है। विधायक जयंत मलैया ने तेंदूखेड़ा में इस भव्य आयोजन के लिए इतनी बड़ी संख्या में संपन्न हुये विवाह के लिए क्षेत्रीय विधायक एवं राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी को शुभकामनाएं और बधाई दी साथ ही उन्होंने नव दंपतियों को भी बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने नवदम्पत्तियों को संकल्प दिलाते हुये कहा कि आप सभी को यहां एक पौधा दिया जा रहा है, घर जाये इसे जरूर लगाये और इसकी रक्षा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक पेड़ माँ के नाम लगाने का आवाहन किया है, आप सभी इस संकल्प के साथ यहां से जाये और पौधा जरूर लगाये।

# माधव नगर पुलिस ने एक माह पुरानी चोरी का किया खुलासा, तीन शातिर चोर गिरफ्तार

## कटनी पुलिस ने 5.5 लाख के चोरी हुए सोने-चांदी के जेवर बरामद



**सुनील यादव । सिटी चीफ** कटनी, कटनी के माधव नगर पुलिस ने एक माह पहले हुई चोरी के मामले में तहकीकात करते हुए तीन शातिर चोरों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए तीनों चोरी के आरोपी कटनी सहित सतना एवं मैहर जिले में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके है। पकड़े गए चोरों के पास से लगभग साढे 5 लाख रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवर बरामद किए गए हैं। कटनी कप्तान अभिजीत कुमार रंजन ने बताया की 12 जुलाई को फरियादी जगदीश प्रसाद उरमलिया निवासी ग्राम खजुरी बडखेरा थाना माधवनगर जिला कटनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 12 जुलाई की रात्रि 1 बजे से 6 बजे के बीच ग्राम खजुरी में उसके घर की अलमारी से सोने-चांदी के जेवरात सहित नगद 40 हजार रुपये अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिये हैं। रिपोर्ट पर मामला पंजीबद्ध कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू की गई। चोरी के अज्ञात आरोपियों की तलाश के द्वारा मुखबिर तंत्रों के माध्यम से संदेहियों को अरेस्ट कर पूंछतांछ की गई। जिसमें सुग्रीव उर्फ पप्पू पटैल निवासी परसवारा थाना बरही, मदन जायसवाल निवासी शिवाजी नगर थाना कोतवाली, अशोक कुशवाहा निवासी भेडा तेवरी थाना स्लीमनाबाद द्वारा चोरी की घटना किया जाना स्वीकार किया गया। कटनी एसपी अभिजीत रंजन ने यह भी बताया की पकड़े गए चोरों ने पुछताछ के दौरान कटनी एवं समीपवर्ती जिलों मैहर, सतना में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात कबूली है। उनके आपराधिक रिकार्ड खंगाले जा रहे हैं। अरेस्ट हुए आरोपियों से सोने का 1 पेन्डेल, 1 सोने की अंगूठी, 7 सोने की चूड़ियां, 1 सोने की चेन, 1 सोने का मंगलसूत्र एवं चार सोने की पत्ती, एक जोडी चांदी की पायल, दो चांदी की मूर्तियां बरामद की गई। जिनका बाजार मूल्य करीब 5 लाख 25 हजार रुपये है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 87 वादों का किया गया निस्तारण

## 41 हजार 150 रुपये का वसूला जुर्माना




**गौरव सिंघल । सिटी चीफ सहारनपुर।** देवबंद, सिविल कोर्ट देवबंद में लगी राष्ट्रीय लोक अदालत में 87 वादों का निस्तारण करते हुए कुल 41 हजार 150 रूपये का जुर्माना वसूला गया साथ ही 14 लाख 7 हजार 53 रूपये 74 पैसे की समझौता राशि भी पीड़ित पक्ष को दिलाई गई। राष्ट्रीय लोक अदालत में ए.सी.जे.एम. परविंदर सिंह की अदालत में सर्वाधिक 60 वादों का निस्तारण करते हुए 36 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। साथ ही वादों के निस्तारण में 14 लाख 7 हजार 53 रुपये 74 पैसे की समझौता राशि प्रतिवादी पक्ष को दिलाई गई। न्यायालय सिविल जज (जूडि.) नितिन कुमार की अदालत में 20 वादों का निस्तारण करते हुए 1150 रुपये का जुर्माना वसूला गया। न्यायालय अपर सिविल जज (जूडि.) प्रिंस जिंदल की अदालत में 07 वादों का निस्तारण करते हुए 4 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया।

# पहले कॉलेज का फीता काटा, फिर वहीं परीक्षा देने बैठ गईं बीजेपी की महिला विधायक



**खंडवा ।** मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के अग्रणी कॉलेज और प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में पहचाने जाने वाले, एसएन कॉलेज में अद्भुत नजारा देखने को मिला। यहां पहुंची खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने पहले कॉलेज के नामकरण का फीता काटा। इसके बाद वह खुद इसी कॉलेज के एक कक्ष में परीक्षा देने पहुंच गईं। विधायक अपनी अधूरी पढ़ाई पूरी कर रही हैं। इसी के चलते अपने ग्रेजुएशन कोर्स का तीसरा पर्चा देने वे कॉलेज पहुंची थीं। पहले तो वे गृहमंत्री अमित शाह के वर्चुअल कार्यक्रम मैं शामिल हुईं। उसके बाद बीएसडब्ल्यू का अपना पर्चा हल करने पहुंची । खंडवा विधानसभा क्षेत्र से विधायक कंचन मुकेश तनवे शहर के अग्रणी कालेज नीलकंठेश्वर कॉलेज पहुंची थीं । मौका था महाविद्यालय के नए नाम कारण का। रविवार से इस कॉलेज को एक नई पहचान प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के रूप में मिली है। जिसका वर्चुअल लोकार्पण तो केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने किया था। स्थानीय स्तर पर लोकार्पण के अवसर पर खंडवा विधायक भी यहां पहुंची थीं। हालांकि उनके यहां पहुंचने का एक ओर मकसद था। दरअसल वे एक छात्रा के रूप में भी यहां आई थीं। खंडवा विधायक रहते हुए भी वे अपनी बीच में ही छूट गई अधूरी पढ़ाई पूरी करने यहां आई थीं। उनका ग्रेजुएशन कोर्स के बीएसडब्ल्यू का तीसरा पर्चा था। विधायक तनवे ने पहले लोकार्पण कार्यक्रम में फीता काटा, जिसके बाद वे सीधे परीक्षा हॉल पहुंची, और अपना बीएसडब्ल्यू का एक्ज़ाम दिया । शहर के अग्रणी कालेज में परीक्षा देने पहुंची खंडवा विधायक कंचन तनवे ने बताया कि पढ़ाई की कोई उम्र नहीं होती। जब हमारी तैयारी हो, हमें परीक्षा देना चाहिए। मैं सभी छात्र-छात्राओं से अनुरोध करती हूं कि जीवन में शिक्षा का काफी महत्व है। यदि शिक्षा हमारे पास है, तो हमें किसी बात की कोई कमी नहीं है। शिक्षा ऐसा धन है जिसे हमसे कोई छीन नहीं सकता। अत: मन लगाकर पढ़ाई कर अपने परिवार, अपने शहर का नाम रोशन करें। विधायक कंचन तनवे ने बताया कि शादी से पहले घर से उन्होंने आठवीं तक परीक्षा पास की थी। उसके बाद शादी हो जाने के पश्चात भी उन्होंने ससुराल से पढ़ाई जारी रखते हुए अब ग्रेजुएशन का एग्जाम दे रही हैं। शिक्षा ग्रहण के जुनून के चलते इस बीच जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर रहते हुए भी उन्होंने परीक्षा दी थी। अब जब विधायक बन गई हैं तो जो उनकी बीएसडब्ल्यू की पढ़ाई अधूरी रह गई थी, उसे अब वे पूर्ण करने जा रही हैं।

# देवबंद से 21 श्रद्धालुओं का जत्था पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए हुआ रवाना

## सभी श्रद्धालु आगामी 17 जुलाई को करेंगे बाबा बर्फानी के दर्शन



**गौरव सिंघल । सिटी चीफ सहारनपुर ।** देवबंद, देवबंद से 21श्रद्धालुओं का जत्था पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। सभी श्रद्धालु आगामी 17 जुलाई को बाबा बर्फानी के दर्शन करेंगे। देवबंद नगर के मोहल्ला नयाबांस स्थित श्री शिवेश्वर महादेव मंदिर से श्रद्धालुओं का जत्था मोहनलाल जाटव के नेतृत्व में बाबा बर्फानी के दर्शनों के लिए रवाना हुआ। मोहन लाल जाटव ने बताया कि वह जम्मू-कश्मीर स्थित बेस कैंप तक बस के द्वारा जाएंगे। इसके बाद पहलगाम से पैदल यात्रा का बाबा बर्फानी के दर्शन करेंगे। इस दौरान बम भोले के जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा। जत्थे में दक्ष जाटव, बिट्टू, गौतम, मंजू, तनिष्क व अजय जाटव आदि शामिल है।

# संस्थापक अध्यक्ष दिनेश हिम्मतराव डोंगरदिवे यांचा वाढदिवस साजरा

## युवती व महिलांना शिलाई मशीनचे मोफत वाटप



**संजय चावना । सिटी चीफ** मूर्तिजापूर, तालुक्यातील कवठा ( खो.) येथील डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर बहुउद्देशीय संस्थेचे अध्यक्ष दिनेश डोंगरदिवे यांच्या माध्यमातून युवती/महिलांना स्वयंरोजगाराच्या हेतूने शिलाई मशीनचे वाटप करण्यात आले. संस्थेच्या माध्यमातून विविध समाजपयोगी कार्यक्रमाचे आयोजन करून समाजातील वंचीत घटकांपर्यत शासकीय योजनेसह संस्थेच्या योजनेचा लाभ मिळवून देण्यासाठी नेहमी प्रयत्नशील असणारे संस्थेचे अध्यक्ष दिनेश हिंम्मतराव डोंगरदिवे यांच्या माध्यमातून गावातील तसेच परिसरातील काही गावातील युवती महिलां भगीनींना स्वयंरोजगाराच्या संधी उपलब्ध व्हावी यासाठी खुशी शिवणकला प्रशिक्षण केंद्र स्थापण करून त्यात युवती महिलांना शिवणकामाचे प्रशिक्षण देऊन व समाजाचा एक घटक म्हणून समाजाचे काही देणे लागतो या भावनेतून नि:शुल्क शिलाई मशीनचे वाटप करण्यात आले. यावेळी संस्थाध्यक्ष दिनेश डोंगरदिवे, योगिता मडगे, रूपाली मेहरे, कल्पना गोकणे, जोत्स्ना बाजड, रूपाली गोकणे, सुनिता दोडके,अनुराधा थोप,चैताली ढोकणे इत्यादी उपस्थीत होते.

# खेत में बनी डबरी में नहाने गए मासूम की डूबने से मौत तलाश में गए पिता को पानी में उतराता मिला शव



**सागर।** जिले की खुरई तहसील के बघोरा गांव में सिलार नदी के रेलवे पुल के पास अपने दो दोस्तों के साथ एक खेत में बनी डबरी में नहाने गए 10 वर्षीय बच्चे की पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतक बच्चे का नाम शिव उर्फ शिशुपाल पिता मालिक सिंह घोषी (10) निवासी बघोरा है। मृतक सिलार नदी के रेलवे पुल के पास स्थित एक खेत में बनी डबरी में अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए गया था। नहाते समय वह पानी में डूब गया। साथ वाले बच्चों ने उसे डूबता देखा तो वे घबरा कर भाग गए और डर के कारण बच्चों ने घटना के बारे में किसी को नहीं बताया। मृतक बच्चे के पिता मालिक सिंह घोषी ने बताया काफी देर तक बच्चा नहीं दिखा तो वह उसकी तलाश करते हुए खेत के पास पहुंचे। वहां उन्हें बच्चे का शव डबरी के पानी में उतराता मिला। उन्होंने इसकी सूचना खुरई देहात थाना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही देहात थाना प्रभारी धनेंद्र यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जिन्होंने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल खुरई भेजा। पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# प्रेम प्रसंग के चलते घर में घुसकर युवती को मारी गोली, मां को भी लगी, युवती की मौत, मां गंभीर



**सीहोर ।** प्रेम प्रसंग में एक युवक ने युवती और उसकी मां को घर में घुसकर गोली मार दी। लड़की की मां बीच बचाव करने आई थी। हादसे में युवती की मौत हो गई, वहीं मां गंभीर है। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला भैरुंदा तहसील के नारायणसिटी का है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने टीम रवाना कर दी है। पुलिस के अनुसार भैरुंदा के नारायणसिटी निवासी शिक्षक इंदर सिंह कीर के घर में घुसकर एक युवक ने ताबड़तोड़ तीन फायर किए। इसमें मां-बेटी को गोली लगने से गंभीर अवस्था में उपचार के लिए सिविल अस्पताल लाया गया। यहां युवती ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, वहीं मां की हालत गंभीर बनी हुई है। गोली चलने की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक युवक मौके से फरार हो चुका था। युवक को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने दल बनाकर उसके गांव रवाना किया

**बीच बचाव में सामने आई थी मां-** एसडीओपी दीपक कपूर ने बताया कि रात 8 बजे के लगभग नारायण सिटी निवासी इंदर सिंह कीर के घर मट्ठागांव रेहटी निवासी प्रभु दायमा आया और उसने घर में मौजूद 19 वर्षीय आरती कीर पर ताबड़तोड़ पिस्टल से गोलियां चलाई। इस दौरान बीच बचाव करने पहुंची मां भी गोली बारी में घायल हो गई। घटना के समय घर पर बड़ी बेटी अंजली कीर और छोटा बेटा उदय कीर भी मौजूद थे। मां-बेटी की चीख पुकार सुन जब आसपास के लोग वहां एकत्रित हुए तब तक युवक मौके से फरार हो चुका था। तत्काल घायल अवस्था में आरती व उसकी मां ललिता कीर को इलाज के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां कुछ देर बाद ही आरती ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि दोनों में 2 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों आपस में रिश्तेदार भी हैं।

**कई महीनों से परेशान कर रहा था युवक-** पुलिस के अनुसार, जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि युवक ने गोली चलाने की घटना को क्यों अंजाम दिया। मृतक युवती के पिता का कहना है कि युवक कई दिनों से बच्ची को परेशान कर रहा था। इसे लेकर पुलिस को पहले ही शिकायत की थी। वह फिर भी नहीं मान रहा था। आए दिन धमकियां देता रहता था। उसके पिता मेरे चचेरे भाई हैं। उन्होंने बताया आरोपी एक तरफा प्रेम करता था। हमने उसे बहुत समझाया था। घटना हुई तब मैं बाजार में सब्जी लेने गया था। इसी दौरान वो घर में आया और फायरिंग करके भाग गया।

# करंट लगने से युवक की मौत, गुस्साए लोगों ने चक्काजाम कर विद्युत कार्यालय और वाहनों में की तोड़फोड़

**अशोक नगर।** जिले के मुंगावली तहीसील में शुक्रवार शाम 22 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। युवक पास में हो रहे भंडारे के आयोजन से घर वापस लौट रहा था, इस दौरान घर के पास लगे बिजली के खंबे से उसे करंट लग गया। परिजन उसे लेकर सिविल अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आज शनिवार को शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर विद्युत मंडल के बाहर बैठ गए और सड़क के दोनों तरफ चक्काजाम लगा दिया। देखते ही देखते लोगों की भीड़ बढ़ गई, काफी देर तक कोई जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचा तो लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। जिसके बाद उन्होंने विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय में घुसकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस दौरान गुस्साइ भीड़ ने कार्यालय में खड़ी एक दर्जन बाइक समेत कई चार पहिया वाहनों में भी तोड़फोड़ कर दी। इसके अलावा कार्यालय में रखे तीन कम्प्यूटर और एक प्रिंटर भी पूरी तरह तोड़ दिया। सूचना पर थाना प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत कराया गया। पीड़ित परिवार ने कहा कि पिछले तीन चार दिन से बिजली के खंबे करंट आ रहा था, जिसकी शिकायत कई बार विद्युत मंडल में की गई थी। लेकिन, शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया गया, जिससे बेटे की जान चली गई। गुस्साए लोगों के सड़क पर बैठने के कारण करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा, जिससे लोग परेशान होते नजर आए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह कवंर ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# पेंसिल्वेनिया रैली में हुए हमले के बाद मिलवाऊकी जाएंगे पूर्व अमरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटनः** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह 'रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन से पहले रविवार को मिलवाऊकी जाएंगे। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रूथ सोशल पर लिखा कि वह पहले शनिवार को उन पर हुए हमले के बाद अपनी यात्रा को टालने जा रहे थे, लेकिन बाद में उन्होंने निर्णय लिया कि वह ''एक हमलावर या हत्या की कोशिश करने वाले को अपना कार्यक्रम नहीं बदलने दे सकते।



इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक रैली में अपनी हत्या के प्रयास के बाद रविवार को कहा कि अमेरिका को एकजुट रहना चाहिए और देश के नागरिकों को अमेरिकी के तौर पर अपना सचा चरित्र दिखाना चाहिए। उन्होंने मजबूत और दृढ़ रहने की बात भी कही। ट्रंप (78) शनिवार को पेंसिल्वेनिया में एक रैली में उस समय बाल-बाल बच गए, जब 20 वर्षीय हमलावर ने उन पर कई गोलियां चलाईं। इस हमले में वह जख्मी हो गए और उनके कान पर चोट आई। गोलीबारी की इस घटना में ट्रंप की रैली में मौजूद एक व्यक्ति की जान चली गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। 'सीक्रेट सर्विस के कर्मियों ने हमलावर को मार गिराया।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रूथ सोशल पर लिखा, ''भगवान ने ही वह सब होने से रोक लिया, जिसके बारे में सोचा भी नहीं था। ट्रंप की पोस्ट के अनुसार, ''ऐसे समय में यह अधिक महत्वपूर्ण है कि हम एकजुट रहें और अमेरिकियों के तौर पर अपना मूल चरित्र बनाए रखें। हम मजबूत और दृढ़संकल्पित बने रहें और बुराई को न जीतने दें। उन्होंने कहा, ''हम डरेंगे नहीं।

# भगवान जगन्नाथ ने बचाई डोनाल्ड ट्रंप की जान? कोलकाता इस्कॉन के उपाध्यक्ष का दावा

**इंटरनेशनल डेस्कः** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर रविवार को हुए जानलेवा हमले के बाद वह बाल-बाल बच गए। हमले के दौरान गोली उनके दाएं कान के ऊपरी हिस्से को छूकर निकल गई, जिससे वह घायल हो गए। ये हमला तब हुआ, जब वह पेनसिल्वेनिया में एक रैली को संबोधित करते रहे थे। अब इंटरनेट पर इसको लेकर नई बहस छिड़ गई है, जिसमें दावा किया गया है कि किसी दैवीय शक्ति ने ट्रंप की रक्षा की है और उनकी जान बचाई है।



दरअसल, सोशल मीडिया साइट एक्स पर मैट वालेस के एक यूजर ने एक फोटो शेयर की है, जिसमें दिखाया गया है कि एक गोली ट्रंप से कुछ ही इंच की दूरी से गुजरी थी। यूजर का दावा है, इससे ठीक पहले ट्रंप ने अपना सिर घुमाया, जिससे उनकी जान बच गई। ये बहस यहीं नहीं रुकी। कोलकाता इस्कॉन के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने भी यूजर के इस बात से सहमति जताई है और उन्होंने दावा किया है कि भगवान जगन्नाथ ने उनकी जान बचाकर सालों पुराना कर्ज उतारा है।

**दैवीय शक्ति ने बचाई डोनाल्ड ट्रंप की जान**

राधारमण दास ने बताया कि, यह निश्चित रूप से एक दैवीय शक्ति है। उन्होंने आगे बताया कि जुलाई 1976 में ट्रंप ने अमेरिका के न्यूयॉर्क में इस्कॉन भक्तों को रथयात्रा आयोजित करने में मदद की थी, उन्होंने रथों के निर्माण के लिए अपना ट्रेन यार्ड मुफ़्त में उपलब्ध कराया था। ये मदद उन्होंने तब की थी जब रथ यात्रा में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने आगे बताया कि अब आज जब दुनिया फिर से जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव मना रही है, ट्रंप पर हमला हुआ और भगवान जगन्नाथ ने उन्हें बचाकर सालों पुराना कर्ज उतारा है।

**ट्रंप पर हमले की दुनिया कर रही निंदा**

बता दें कि ट्रंप पर हुए हमले की दुनियाभर के दिग्गज राजनेताओं ने निंदा की है। हमले में उनके एक समर्थक की मौत की खबर आई है, जहां दो घायल भी हो गए हैं। हमले के तुरंत बाद ट्रंप के सीक्रेट एजेंट ने तत्काल ही हमलावर को सिर में गोली मार दी थी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई थी। एफबीआई ने हमलावर की पहचान स्थानीय बटलर काउंटी क्षेत्र के 20 वर्षीय युवक थॉमस मैथ्यू कुक के रूप में की है। जांच में ये भी खुलासा हुआ कि हमलावर ट्रंप की पार्टी रिपब्लिकन में रजिस्टर्ड है। हालांकि, हमले से पहले उसने एक वीडियो इंटरनेट पर जारी किया था, जिसमें उसने कहा था कि वह ट्रंप और उनकी पार्टी रिपब्लिकन से नफरत करता है।

### ट्रंप पर हुए हमले पर जो बाइडेन का बयान

# बोले- घटना की जांच होने दें, अपनी थ्योरी न बनाएं

**इंटरनेशल डेस्कः** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हमले के एक दिन बाद रविवार को राष्ट्रपति जो बाइडेन ने देशवासियों से 'एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होने की अपील की और कहा कि वह इस हमले से जुड़े घटनाक्रम के सिलसिले में स्वतंत्र सुरक्षा समीक्षा का आदेश दे रहे हैं। बाइडेन ने 'सिचुएशन रूम में (प्राथमिक) जांच के बारे में जानकारी मिलने के बाद व्हाइट हाउस में संक्षिप्त बयान में यह बात कही।



राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने निर्देश दिया है कि जांच 'सघन एवं त्वरित हो। उन्होंने देशवासियों से हमलावर के इरादे या किसी संबद्धता (संगठन या व्यक्ति से संबंध) के बारे में कोई 'धारणा नहीं बनाने की अपील की। एफबीआई और सीक्रेट सर्विस एजेंसियों को अपना काम करने दें। बाइडेन की रविवार को बाद में इस संबंध में देश के नाम विस्तृत बयान देने/जारी करने की योजना है।

इससे पहले राष्ट्रपति कार्यालय ने लोगों से एकजुटता बनाए रखने का आह्वान करते हुए ट्रंप पर हमले की निंदा की। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड, गृह सुरक्षा मंत्री एलेजांद्रो मयोरकास और संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक क्रिस्टोफर रे सहित शीर्ष जांचकर्ताओं से घटनाक्रम की जानकारी ली। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और 'सीक्रेट सर्विस के निदेशक किम चीटल भी बैठक में शामिल थे। राष्ट्रपति बाइडन ने रैली में गोलीबारी की घटना की निंदा की और शनिवार रात को ट्रंप से बात की।

ट्रंप के प्रचार अभियान दल के एक अधिकारी के अनुसार, शनिवार की गोलीबारी के मद्देनजर हैरिस ने मंगलवार को फ्लोरिडा की अपनी प्रस्तावित प्रचार अभियान यात्रा स्थगित कर दी है, जहां उन्हें रिपब्लिकन महिला मतदाताओं से मिलना था। ट्रंप पर पेनसिल्वेनिया में शनिवार को चुनावी रैली में एक युवक ने गोलियां चलाईं और एक गोली ट्रंप के दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में लगी, लेकिन उनकी हालत ठीक है।

# ट्रंप की रैली में गोलीबारी करने वाले शूटर की कार से विस्फोटक बरामद, जांच में जुटी एंजेसियां

**इंटरनेशनल डेस्कः** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रैली में गोली चलाने के संदिग्ध व्यक्ति की गाड़ी में बम बनाने की सामग्री मिली है। कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने 'एपी को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संदिग्ध के घर में भी बम बनाने की सामग्री मिली है।



सार्वजनिक रूप से इस विषय पर बोलने का अधिकार नहीं रखने वाले दो अधिकारियों ने नाम जाहिर नहीं होने की शर्त पर 'एसोसिएटिड प्रेस (एपी) को यह जानकारी दी। ट्रंप (78) शनिवार को पेनसिल्वेनिया में एक रैली में उस समय बाल-बाल बच गए, जब 20 वर्षीय हमलावर ने उन पर कई गोलियां चलाईं। इस हमले में वह जख्मी हो गए और उनके कान पर चोट आई। गोलीबारी की इस घटना में ट्रंप की रैली में मौजूद एक व्यक्ति की जान चली गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। 'सीक्रेट सर्विस के कर्मियों ने हमलावर को मार गिराया।

# ट्रंप की रैली में मारा गया व्यक्ति पूर्व फायर प्रमुख था, जो एक हीरो की तरह मरा : पेंसिल्वेनिया गवर्नर

**बटलरः** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रैली में मारे गये व्यक्ति की पहचान कोरी कॉम्पेरेटोरे के रूप में हुई है। यह जानकारी पेंसिल्वेनिया के गवर्नर जोश शापिरो ने रविवार को दी। शापिरो ने कहा कि कॉम्पेरेटोरे उस इलाके के पूर्व अग्निशमन प्रमुख थे, जो अपने परिवार से बहुत प्यार करते थे।



गवर्नर ने कहा, ''कोरी ने एक हीरो की तरह अपनी जान गंवाई। अन्य घटनाक्रम में, राष्ट्रपति जो बाइडेन ने ट्रंप की रैली में गोलीबारी पर 'सिचुएशन रूम ब्रीफिंग के बाद रविवार दोपहर राष्ट्र को संबोधित करने की योजना बनाई है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हमले के एक दिन बाद रविवार को राष्ट्रपति जो बाइडेन ने देशवासियों से 'एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होने की अपील की और कहा कि वह इस हमले से जुड़े घटनाक्रम के सिलसिले में स्वतंत्र सुरक्षा समीक्षा का आदेश दे रहे हैं।

# अमेरिका के बर्मिंघम नाइटक्लब में गोलीबारी, 4 लोगों की मौत, 13 घायल

**इंटरनेशनल डेस्कः** अमेरिका के बर्मिंघम, अलबामा में एक नाइटक्लब में हुई गोलीबारी में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। बर्मिंघम के पुलिस अधिकारी ट्रूमैन फिट्जगेराल्ड ने बताया कि जांचकर्ताओं का मानना है कि कम से कम एक व्यक्ति ने 27वीं स्ट्रीट नॉर्थ पर स्थित नाइटक्लब में सड़क से गोलीबारी की। स्थानीय समयानुसार रात 11 बजे पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे तो उन्हें कई गोली लगने वाले लोग मिले।



पुलिस ने बताया कि नाइटक्लब के अंदर दो महिलाओं और स्थल के पास फुटपाथ पर पाए गए एक पुरुष को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया। फिट्जगेराल्ड के अनुसार, एक अन्य व्यक्ति की अस्पताल में मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि कई गोली लगने वाले लोग बाद में अस्पताल पहुंचे और रविवार की सुबह तक कम से कम नौ लोग अभी भी इलाज करवा रहे थे। पुलिस ने गोलीबारी में किसी भी संदिग्ध की पहचान नहीं की है और रविवार सुबह तक किसी की गिरफ्तारी की घोषणा नहीं की गई है। यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि गोलीबारी का कारण क्या था।

फिट्जगेराल्ड ने कहा, जांचकर्ता यह पता लगाने के लिए काम कर रहे हैं कि गोलीबारी का कारण क्या था और लोगों को गोली क्यों लगी। हमारे संघीय सहयोगी घटनास्थल पर पहुँच गए हैं और बर्मिंघम पुलिस अधिकारियों को इस जांच में सहायता कर रहे हैं।

# जस्टिन ट्रूडो ने टोरंटो में दिलजीत दोसांझ के साथ शेयर की स्टेज

## पंजाबियों के लिए कही ये बड़ी बात

**नेशनल डेस्कः** कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने रविवार को कनाडा के ओन्टारियो, डाउनटाउन टोरंटो के एक स्टेडियम रोजर्स सेंटर में अभिनेता-गायक दिलजीत दोसांझ से मुलाकात की। उनकी मुलाकात कार्यक्रम स्थल पर दोसांझ के शो से कुछ घंटे पहले हुई। अपनी मुलाकात की एक तस्वीर साझा करते हुए, ट्रूडो ने एक एक्स पोस्ट में कहा, दिलजीत दोसांझ को उनके शो से पहले शुभकामनाएं देने के लिए रोजर्स सेंटर में रुका।



कनाडाई प्रधान मंत्री ने लिखा, कनाडा एक महान देश है - जहां पंजाब का एक व्यक्ति इतिहास बना सकता है और स्टेडियम बेच सकता है। विविधता सिर्फ हमारी ताकत नहीं है। यह एक महाशक्ति है।

पिछले साल सितंबर में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के ट्रूडो के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में गंभीर तनाव आ गया था। नई दिल्ली ने ट्रूडो के आरोपों को बेतुका बताकर खारिज कर दिया। भारत कहता रहा है कि दोनों देशों के बीच मुख्य मुद्दा कनाडा द्वारा कनाडा की धरती से सक्रिय खालिस्तान समर्थक तत्वों को छूट देने का है। इस साल जून में विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा था कि कनाडा के साथ भारत का मुख्य मुद्दा वह राजनीतिक स्थान बना हुआ है जो ओटावा भारत विरोधी तत्वों को प्रदान करता है जो उग्रवाद और हिंसा की वकालत करते हैं। उन्होंने कहा था कि भारत ने बार-बार कनाडा को अपनी गहरी चिंताओं से अवगत कराया है और नई दिल्ली को उम्मीद है कि ओटावा उन तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा।

# कांग्रेस नेल गौरव गोगोई दी बड़ी जिम्मेदारी लोकसभा में नियुक्त किया उपनेता

**नेशनल डेस्कः** कांग्रेस के गौरव गोगोई लोकसभा में पार्टी के उप नेता होंगे और इस निर्णय के बारे में एक पत्र लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भेजा गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने 'एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि कांग्रेस के संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष बिरला को पत्र लिखकर उन्हें संसद के निचले सदन में कांग्रेस के उप नेता, मुख्य सचेतक और दो सचेतक नियुक्त किये जाने के बारे में जानकारी दी है।



केसी वेणुगोपाल ने बताया गोगोई लोकसभा में पार्टी के उप नेता होंगे, जबकि केरल से आठ बार के सांसद के. सुरेश पार्टी के मुख्य सचेतक होंगे। उन्होंने बताया कि विरुधुनगर के सांसद मणिकम टैगोर और किशनगंज के सांसद मोहम्मद जावेद लोकसभा में पार्टी के सचेतक होंगे। इससे पहले, पार्टी ने राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता नियुक्त किया था। वेणुगोपाल ने कहा, ''विपक्ष के नेता राहुल गांधी के मार्गदर्शन में कांग्रेस और 'इंडिया गठबंधन के दल लोकसभा में जनता के मुद्दों को जोरदार ढंग से उठाएंगे।

गोगोई लोकसभा के पिछले कार्यकाल में भी पार्टी के उपनेता थे। गोगोई ने सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और वेणुगोपाल के प्रति आभार व्यक्त किया।

गोगोई ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं अपने सहयोगियों को बधाई देता हूं। हमारा उद्देश्य संसद में भारत के लोगों की आवाज उठाना और हमारे लोकतंत्र को मजबूत करना होगा।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती ज्योती मिश्रा द्वारा कॉम्पेक प्रिंटर्स प्रा. लि. फ्री प्रेस हाउस 3/54, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 45ए गुप्ता चैम्बर पहली मंजिल जावरा कंपाउंड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : अशीष मिश्रा आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक : एमपी/एच/आइएन 2009/34385 फोन नं : 0731-4202569 फैक्स नं : 0731-4202569